हरियाणा सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

चिरायु हरियाणा



# चिरायु- आयुष्मान भारत योजना का विस्तार

## ₹1.80 से ₹3 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मिलेगा ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज

**मात्र ₹1500 वार्षिक अंशदान पर#**

**₹1.80 लाख तक की वार्षिक**
आय वाले परिवारों को मिल रहा
**₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज**

**पंजीकरण# के लिए**
पात्र लाभार्थी निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर*
पर जा कर **₹1500 रुपये जमा कर सकते हैं**

खंड एवं हर नगर पालिका क्षेत्र में
**विशेष कैंप भी लगाए जाएंगे**

₹1.80 से ₹3 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए पंजीकरण की अवधि
**15 अक्तूबर, 2023**
तक बढ़ाई गई

**https://chirayuayushmanharyana.in/**
**पर लाभार्थी कर सकते हैं आवेदन**

अथवा

पंजीकरण के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

*इस सेवा के लिए मात्र शुल्क ₹15 अतिरिक्त

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 261 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


हरियाणा के मुख्यंत्री मनोहर लाल खट्टर शहरी निकाय बोर्ड की अध्यक्षता करते हुए।

## महिला आरक्षण बिल: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है।
बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था।
इसी महीने की शुरूआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा।
इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी।



**लोकसभा और राज्यसभा में इस दिन हुआ था पारित:** महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितंबर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे।

**कानून बना**
8 संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था

**अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी ये शर्तें:** राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गई हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

**फास्ट न्यूज**

### 'खुद-ब-खुद भारत में शामिल हो जाएगा पीओके'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुलाम कश्मीर** को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने गुरुवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि गुलाम कश्मीर खुद-ब-खुद हमारे पास वापस आ जाएगा। दरअसल, गुलाम कश्मीर की जनता महंगाई, बिजली की बढ़ी हुई दरें, खाद्य संकट इत्यादि का सामना कर रही हैं और हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की गुहार की थी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में जिस तरह से चीजें चल रही हैं, जिस तरह से पाकिस्तान में विभिन्न ताकतें अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ी हो गई हैं...बहुत बड़ा मंथन हो रहा है... मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पाकिस्तान द्वारा बलपूर्वक कब्जे में लिया गया क्षेत्र अपने आप हमारे पास वापस आ जाएगा। इससे पहले गोरखपुर में वीके सिंह ने इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कुछ समय बाद गुलाम कश्मीर अपने आप पास आ जाएगा। दरअसल, केंद्रीय राज्य मंत्री ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के साथ ही जवाब को भी दोहराया था। उस वक्त वीके सिंह से पूछा गया था कि गुलाम कश्मीर को लेकर सरकार क्या कुछ करने वाली है? इस पर उन्होंने जवाब दिया था कि घबराते क्यों हो, कुछ समय बाद गुलाम कश्मीर अपने आप पास आ जाएगा। वहीं, गुलाम कश्मीर के मुद्दे पर सार्वजनिक मंच पर विपक्षी नेताओं ने भी सरकार के समर्थन की बात कही है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने जनरल वीके सिंह के बयान पर एक दफा टिप्पणी करते हुए कहा था कि हमने हमेशा अखंड भारत का सपना देखा है। हम हमेशा कहते हैं- गुलाम कश्मीर हमारा है।

### भारत में अफगान दूतावास का परिचालन बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत में अफगान दूतावास ने कथित तौर पर अपना परिचालन बंद करने के लिए एक पत्र जारी किया है और नई दिल्ली इसकी प्रामाणिकता की जांच कर रही है। इसकी जानकारी सूत्रों ने द्वारा सामने आई है। दूतावास का नेतृत्व राजदूत फरीद मामुंडजे ने किया है और पता चला है कि वह इस समय लंदन में हैं। मामुंडजे को पिछली अशरफ गनी सरकार ने नियुक्त किया था।

## सेना 400 हॉवित्जर तोपें खरीदेगी

= 48 किमी रेंज, माइनस 30 से 75 डिग्री तापमान में सटीक फायर कर सकती है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वदेशी रूप** से डिजाइन और विकसित हथियार प्रणालियों को बढ़ावा देने के बड़े प्रयास के तहत सेना ने भारतीय कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। इस खरीद पर 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। भारतीय सेना की तोपखाना रेजीमेंट 155 मिमी और 52 कैलिबर की खींचकर ले जा सकने वाली तोपों (टीजीएस) का उत्पादन करने के लिए भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग करने की इच्छुक है।
**उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है सरकार:** वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सरकार जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है। भारतीय सेना ने पहले ही 307 खींचकर ले जा सकने वाली अत्याधुनिक तोपों (एटीएजीएस) को खरीदने के साथ-साथ चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर अपनी आवश्यकताओं के लिए माउंटेड गन सिस्टम के लिए एक टेंडर जारी कर दिया है। भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित होवित्जर का मतलब यह होगा कि यह हर तरह से पूरी तरह से भारतीय होगी।
**पिछले दशक में हुए हैं होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंध:** सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो। पिछले दशक में 155 मिमी की होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंध हुए हैं। इन तोपों को पहले ही सेना में शामिल किया जा चुका है और अधिक संख्या में रेजीमेंटों को इन तोपों से सुसज्जित किया जा रहा है। इनमें धनुष, शारंग, अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) और के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड गन शामिल हैं। धनुष तोपें बोफोर्स तोपों का इलेक्ट्रानिक अपग्रेड हैं, जबकि शारंग तोपों को 130 मिमी से 155 मिमी कैलिबर तक उन्नत किया गया है। सात रेजीमेंटों को पहले ही यूएलएच से सुसज्जित किया जा चुका है, जबकि पांच को सेल्फ प्रोपेल्ड गन से सुसज्जित किया गया है।



**स्वदेशी**
8 भारत में डिजाइन, विकसित और होवित्जर का मतलब यह होगा कि यह हर तरह से पूरी तरह से भारतीय होगी

### वायुसेना पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का असर नहीं: एयर मार्शल

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**वर्तमान रूस-यूक्रेन** संघर्ष ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, लेकिन भारतीय वायुसेना में स्वदेशीकरण के कारण इसका असर नहीं हुआ है। हमारे पास अंतर्निहित क्षमताएं हैं। यह बात भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे ने गुरुवार को भोपाल में समाचार एजेंसी एएनआइ से विशेष चर्चा में कही।
**एचएएल निर्मित विमान है एसयू-30:** उन्होंने कहा कि एसयू- 30 एक हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) निर्मित विमान है। समय के साथ एचएएल ने बहुत सारे उपकरण भी स्वदेशी बना लिए हैं, जिनकी एसयू -30 के संचालन के लिए विशेष रूप से दिन-प्रतिदिन के लिए आवश्यकता होती है। एचएएल और बीआरडी (बेस रिपेयर डिपो) में हुए स्वदेशीकरण के कारण हम पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का बुरा प्रभाव नहीं पड़ा है।


यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अधिकारियों संग मीटिंग करते हुए।

### आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन अगस्त महीने में 12.1 प्रतिशत बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के आठ** प्रमुख उद्योगों का उत्पादन अगस्त में सालाना आधार पर 12.1 प्रतिशत बढ़ा। जुलाई में यह आंकड़ा सालाना आधार पर 8 प्रतिशत था। सभी आठ कोर उद्योगों (सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात) के उत्पादन में अगस्त 2023 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से अगस्त के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही।

### एशियाई गेम्स: महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत



**टीम एक्शन इंडिया/हांगझोऊ**
**हांगझोऊ** एशियाई खेलों में भारत महिला हॉकी टीम का विजयी सफर जारी है। पूल-ए के अपने दूसरे मैच में टीम इंडिया ने मलयेशिया को 6-0 से रौंद दिया। इस जीत के साथ सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचने का अपना दावा मजबूत कर लिया है। भारत ने दो गोल पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से अर्जित किए, जबकि चार फील्ड गोल्स किए। भारत के लिए इस मैच में वैष्णवी, निशा, दीप ग्रेस इक्का, मोनिका, संगीता और लालरेमसियामी ने गोल दागे।
**भारतीय टीम का शानदार फॉर्म जारी:** भारतीय टीम ने अपने शानदार फॉर्म को दूसरे मैच में भी जारी रखा। टीम इंडिया ने पूल-ए के अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13-0 से रौंदा था। अब टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की।
वहीं, मलयेशिया ने अपने पहले पूल मैच में हॉन्गकॉन्ग को 8-0 से हराया था। भारत के ग्रुप में सिंगापुर और मलयेशिया के अलावा हॉन्गकॉन्ग और दक्षिण कोरिया है।

**विजयी सफर**
8 भारत महिला हॉकी टीम का विजयी सफर जारी है। टीम इंडिया ने मलयेशिया को 6-0 से रौंद दिया

### अप्रैल-अगस्त में राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़ रुपये रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वित्त वर्ष** 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि में भारत का राजकोषीय घाटा 6.43 लाख करोड़ रुपये था, जो 29 सितंबर को साझा किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार वार्षिक लक्ष्य का 36 प्रतिशत है। एक साल पहले की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 5.42 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो वित्त वर्ष 23 के पूरे लक्ष्य का 32.6 प्रतिशत था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 17.87 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। अकेले अगस्त महीने में राजकोषीय घाटा 37,200 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2 लाख करोड़ रुपये था। आलोच्य महीने के दौरान राजस्व अधिशेष 17,800 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में 1.59 लाख रुपये का राजस्व घाटा हुआ था।

## जल्द लांच होगी सब्सिडी वाली होम लोन योजना: हरदीप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शहरों** में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को घर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही सस्ते होम लोन की एक योजना लेकर आ रही है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार योजना को अंतिम रूप देने के करीब है और इस संबंध में जल्द ही एलान करेंगे।
**पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचारी से किया था योजना का एलान:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचारी से इस तरह की योजना का एलान किया था। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा था सरकार एक नई आवास ऋण योजना लेकर आएगी, जिससे शहरों में रहने वाले वंचित लोगों को लाभ होगा। हम उन्हें ब्याज दरों में राहत के साथ बैंकों से कर्ज दिलाने में मदद करेंगे।
**कम दरों पर होम लोन की होगी पेशकश:** योजना के तहत कमजोर वर्ग के लोगों को कम दरों पर होम लोन की पेशकश की जाएगी और ब्याज में सब्सिडी का बोझ सरकार उठाएगी। मीडिया से बात करते हुए पुरी ने वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और खुदरा क्षेत्र पर पड़ने वाले इसके संभावित प्रभाव पर भी चर्चा की।



**राहत मिलेगी**
8 आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को घर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सस्ते होम लोन की योजना लेकर आ रही

**दो टूक** अमेरिका-रूस संबंध, चीन-रूस संबंध, अमेरिका-चीन संबंध सहित हर बड़े रिश्तों में काफी अस्थिरता देखी गई है

## कनाडा के साथ कई वर्षों से रहा है टकराव: एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया/ वाशिंगटन**
**विदेश मंत्री डॉ.** एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 70 सालों के दौरान कई देशों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी उतार चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका-रूस संबंध, चीन-रूस संबंध, अमेरिका-चीन संबंध सहित हर बड़े रिश्तों में काफी अस्थिरता देखी गई है। उन्होंने भारत-रूस संबंध को बहुत ही असाधारण करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध बहुत ही स्थिर रहा है। **चरमपंथियों के प्रति उदार रवैया अपनाता है कनाडा:** वहीं, भारत-कनाडा विवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कनाडा के साथ कई वर्षों से टकराव रहा है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि कनाडा अपने यहां आतंकवादियों, चरमपंथी लोगों के प्रति एक बहुत ही उदार रवैया अपनाता है, जो खुले तौर पर हिंसा का वकालत करते हैं। कनाडाई राजनीति की मजबूरियों के कारण उन्हें कनाडा में संचालन की जगह दी गई है। उन्होंने कहा कनाडा विवाद पर मैंने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बात की है। उन्होंने इस पूरी स्थिति पर अमेरिकी विचार और आकलन साझा किए।
**लगातार मजबूत हो रहा क्वाड:** हिंद-प्रशांत और क्वाड पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान क्वाड ने काफी वृद्धि हुई है। साल 2007 में पहली बार इसका प्रयास किया गया था। हालांकि, यह टिक नहीं पाया और ठंडे बस्ते में पड़ गया। हालांकि, साल 2017 में फिर से इसे पुनर्जीवित किया गया। उन्होंने कहा कि साल 2017 में यह अमेरिका में नौकरशाही स्तर पर किया गया, साल 2019 में यह एक मंत्री स्तरीय मंच बन गया। हालांकि, साल 2021 में यह यह एक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मंच बना और क्वाड लगातार मजबूत होता जा रहा है और हमें अगले साल भारत में शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का सौभाग्य मिलेगा।



**साधा निशाना**
8 कनाडा अपने यहां आतंकवादियों, चरमपंथी लोगों के प्रति एक बहुत ही उदार रवैया अपनाता है

## राजद ने फिर खेला नया दांव: 'नीतीश को प्रधानमंत्री बनना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का अगला प्रधानमंत्री बनना चाहिए। विपक्षी दलों के एकजुट होकर आईएनडीआईए गठबंधन बनाने के बाद इस बात को जदयू के कई नेता अब तक कहते रहे हैं। परंतु, अब यह मांग लालू यादव के नेतृत्व वाली पार्टी राजद से भी उठने लगी है। राजद ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के योग्य बताया है। उसका कहना है कि बिहार के लोग नीतीश को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते हैं। उनमें इसके लिए सभी योग्यताएं हैं।



**राजद ने दिए समर्थन के संकेत:** दरअसल, शुक्रवार को राजद कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने इस तरह के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य के लोग 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं। यह हमारी भी निजी इच्छा है। नीतीश इस पद के योग्य हैं। उन्हें प्रधानमंत्री बनना ही चाहिए।
बिहार से थे देश के पहले राष्ट्रपति उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि विपक्षी दलों का गठबंधन नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित करने जा रहा है या नहीं। लेकिन, देश को पहला राष्ट्रपति देने वाले राज्य को प्रधानमंत्री का पद मिलना ही चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 2024 में केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई होगी। हम सबने केंद्र की सत्ता से भाजपा को विदा करने का संकल्प लिया है।

# श्रीमद्भाग्वत कथा मानव को जीने की राह सिखाती है: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
श्री मद्भाग्वत कथा मानव को जीने की राह सिखाती है, हमारी समस्याओं का समाधान करती है, भागवत कथाओं के आयोजनकताओं एवं श्रोताओं का कल्याण होता है, हमें भागवत श्रवण करके एक-एक श्लोक पर मनन करके जीवन में उतारना चाहिए तभी भागवत कथा का आयोजन सार्थक होगा। शिव शक्ति धाम द्वारा गीता भवन मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्री मद्भागवत कथा में पहुंचकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि हरियाणा प्रदेश एक धर्म क्षेत्र है और कुरुक्षेत्र में धर्म-अधर्म की लड़ाई लड़ी गई। इसलिए धार्मिक आयोजनों का लगातार होना इस प्रदेश की परंपरा में शामिल है। कथा व्यास गद्दी पर विराजमान परमश्रद्धेय पं0 गिरधर जी महाराज को



माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। मंच पर महामंडेश्वर श्री श्री 1008 गुरु माँ अंजना देवी महाराज ने समृति चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।
उन्होंने कहा कि मातायें खाली समय में टी0वी0 सीरियलों को देखने की बजाये भागवत जैसे महान ग्रंथों को पढ़ें, इससे हमारा मानव जीवन सार्थक होगा। पिछले एक वर्ष में सोनीपत शहर में ही 70 से ज्यादा मद्भागवत कथाओं का आयोजन हो चुका है जिससे यह

**शांति**

8 कुरुक्षेत्र में धर्म-अधर्म की लड़ाई लड़ी गई। इसलिए धार्मिक आयोजनों का लगातार होना इस प्रदेश की परंपरा में शामिल है : जैन

साबित होता है कि सोनीपत एक धार्मिक नगरी बनने की ओर अग्रसर होती जा रही है।
राजीव जैन ने कहा कि संत-महापुरुषों के आगमन एवं धार्मिक आयोजनों से ही हमारे समाज में भाईचारा, प्यार प्रेम कायम है अन्यथा आज भौतिकता के युग में भाई-भाई का दुश्मन है। उन्होंने भागवत भगवान के चरणों में सर्व समाज के कल्याण-उत्थान एवं सुख समृद्धि की कामना की।

## जिले के 100 मेधावी विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण : रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शिक्षा विभाग के सौजन्य से 11वीं कक्षा के 50 छात्र एवं 50 छात्राओं ने पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। यह शैक्षिक भ्रमण 24 सितंबर से 28 सितंबर तक था, जिसमें विद्यार्थियों ने अमृतसर का स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, अटारी बॉर्डर तथा पुष्पा साइंस सिटी कपूरथला में साइंस की महत्वपूर्ण जानकारियां बारीकी से टीचर के सहयोग के साथ प्राप्त की। जिसमें 3डी शो डायनासोर पार्क लेजर शो एवं फिजिक्स के प्रैक्टिकल जीव विज्ञान प्रैक्टिकल्स आधुनिक इसरो से संबंधित रोबोट क्लाइमेट चेंज शो तथा अन्य इसी प्रकार की अनेक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विषय विशेषज्ञ एवं विषय के विषय की प्रवक्ताओं से काफी जानकारियां एकत्रित की उसके बाद धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में टीम का स्वागत बहुत अच्छे से किया गया।

# डीईईओ सुधीर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने आज खंड अंबाला छावनी के अंतर्गत पढ़ने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवला क्लस्टर के चार स्कूलों क्रमशः राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिंगावाला, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सिंगावाला, राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला रतनगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशंसा-पत्र और ढंग से कार्य न करने वाले शिक्षकों को लेटर ऑफ डिस्प्लैजर यानि अप्रसाद-पत्र दिया गया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिंगावाला में पहुंचने पर अधिकारी ने पाया कि स्कूल के मुख्य द्वार पर ही विद्यालय स्टाफ के मोटरसाइकिल और स्कूटर इत्यादि खड़े हुए थे। जिस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारी ने स्कूल मुखिया एवम् स्टॉफ को समुचित हिदायतें जारी की। इसके अतिरिक्त इस विद्यालय में पढ़ाई का वातावरण, अनुशासन और मिड डे मील आदि व्यवस्था ठीक पाई गई। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सिंगावाला में तीसरी कक्षा की अध्यापिका श्रीमती जसवीर कौर का कार्य बेहतरीन मिला। अधिकारी ने इस कक्षा के बच्चों से हिंदी की पुस्तक

**जांचा परखा**

8 शिक्षकों को प्रशंसा-पत्र और ढंग से कार्य न करने वाले शिक्षकों को लेटर ऑफ डिस्प्लैजर दिया गया

पढ़वा कर देखी और गणित के कुछ सवाल भी हल करवाए। बच्चों ने दोनों विषयों में बहुत अच्छा रेस्पॉन्स दिया। उन्होंने पाया कि दोनों विषयों में बच्चों की दक्षताएं वैसे ही हैं जैसे की शिक्षिका द्वारा अपनी शिक्षक संदर्शिका के कंपीटेंसी ट्रैकर में भरी गई थी। इस कक्षा में बच्चों का शैक्षणिक स्तर अच्छा मिलने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षिका जसवीर कौर को प्रशंसा-पत्र देकर पुरस्कृत किया। हालांकि इसी विद्यालय की कक्षा दूसरी में बच्चों का शैक्षणिक स्तर आशा के अनुरूप नहीं मिला। यहां तक कि संबंधित अध्यापक द्वारा अपनी शिक्षक संदर्शिका के कंपीटेंसी ट्रैकर में भी बच्चों की दक्षताएं ठीक से नहीं भरी हुई थी। जिस पर शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी प्रकट की और संबंधित शिक्षक को अप्रसाद-पत्र जारी किया। तत्पश्चात जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ पहुंचे जहां बच्चों को मिड डे मील परोसा जा रहा था।

## कादियान ने दुर्घटना में घायल दंपति व बच्चों को पहुंचाया अस्पताल

**गन्नौर।** मोई में बाबा जिंदा मोड़ के पास एक प्राइवेट स्कूल बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार कर फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार दंपति व दो बच्चे सड़क पर गिरकर बुरी तरह से जख्मी हो गए। सड़क पर चोटिल दंपति व बच्चों को देखकर इस रास्ते से जा रहे मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने अपनी गाड़ी रूकवा ली। मानवता का परिचय देते हुए कादियान ने चारों घायलों को उठवा कर अपनी गाड़ी में बैठाया और खानपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। फ्रैक्चर आने पर दंपति व एक बच्चे की हालत थोड़ी नाजूक बनी हुई है। वहीं, बाइक सवार की पहचान अनिल निवासी बजाना खुर्द के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बच्चे को बुखार आने पर अनिल अपनी पत्नी व दो बच्चों को गन्नौर में डॉक्टर के पास लेकर जा रहा था।

# पेंशन बहाली संघर्ष समिति महिला विंग का किया गठन

**टीम एक्शन इंडिया/दलबीर मलिक/कुरुक्षेत्र**
पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र के द्वारा 1 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली रैली के लिए महिला मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता राज्य महिला सह प्रभारी डॉक्टर मोनिका भारद्वाज की उपस्थिति में की गई। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान नरेश फूले ने बताया की पेंशन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए महिलाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है ।इसी उद्देश्य से आगामी रैली में महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करवाने के लिए इस मीटिंग का आयोजन करवाया गया है। जिला महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि इस मीटिंग में कुरुक्षेत्र के पांचो ब्लॉक से विभिन्न ब्लॉक, विभागों से बहनों ने बढ़-



चढ़कर भाग लिया ।राज्य सह प्रभारी मोनिका भारद्वाज ने बताया कि इस मीटिंग का उद्देश्य महिलाओं की सहभागिता बढ़ाना था। जिसके लिए पेंशन बहाली संघर्ष समिति में महिलाओं को कई औपचारिक पद देकर उन्हें अग्रिम पंक्ति की लड़ाई में शामिल किया गया ।इस कड़ी में आगामी रैली के लिए जिला महिला प्रभारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित प्रधान राजवंत कोर को बनाया गया तथा डॉक्टर हरनीत कौर एसोसिएट प्रोफेसर लाडवा को वरिष्ठ उप प्रधान के पद पर मनोनीत किया गया इनके साथ ही तीन उप प्रधान भी मनोनीत किए गए जिसमें लाडवा ब्लॉक से रीना कुमारी, थानेसर ब्लॉक से माया देवी और इस्माइलाबाद और पेहवा ब्लॉक से गुरमीत कौर को प्रधान बनाया गया। आईटी सेल की जिम्मेदारी संयुक्त रूप से परवीन और म्युनिसिपालिटी कॉरपोरेशन से दुर्गेश को दी गई ।जिला महासचिव के पद के लिए

**पेंशन जरूरी**

8 जिला प्रधान नरेश फूले ने बताया की पेंशन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए महिलाओं की भागीदारी बेहद जरूरी

डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन से जी पूजा शर्मा और शिक्षा विभाग से पूनम शर्मा को मनोनीत किया गया। इस मौके पर अनुपम ,माया ,कविता, सोनिया अग्रवाल, रेनू बाला स्वामी ,शर्मिष्ठा, किरण, विमला देवी और जिला कार्यकारिणी से अमरजीत पांचाल, नरेश जांगडा, यशपाल शर्मा इत्यादि मौजूद रहे ।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से पुरानी पेंशन बहाली तक जोरदार संघर्ष करने का आश्वासन दिया।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने बाल सुधार ग्रह का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बाल सुधार गृह (ऑब्जवेशन होम) का दौरा करते हुए यहां पर बच्चों (जुविनाईलों)को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने बाल सुधार गृह में जुविनाईलों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी हासिल की। उन्होंने इस मौके पर बाल सुधार गृह के सुपरीडैंट धर्मपाल से यहां पर कितने जुविनाईल रह है उस बारे



जानकारी ली तथा सुविधाओं बारे पूछा। अधीक्षक धर्मपाल ने अतिरिक्त उपायुक्त को बताया कि यहां पर बाल सुधार गृह में 50 जुविनाईल रह रहे हैं जिनमें 12 जिलों के जुविनाईलों को सैल्टर दिया गया है।
यहां पर रह रहे जुविनाईलों को रहने, खाने, पढने के साथ-साथ स्कील ट्रेनिंग व वैकेशनल ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

## आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति पुरस्कार के लिए करें आवेदन : शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थानों को वर्ष 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। वर्ष 2024 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा



प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने तथा उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है।

# अध्यापकों ने मृतका के परिजनों की अर्थिक सहायता की

**योगदान**

8 मिड-डे-मील कुक मृतका के परिजनों की आर्थिक सहायता करने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** शाहाबाद ब्लॉक के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत मिड-डे-मील कुक ऊषा रानी का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। ऐसे में ब्लॉक के राजकीय स्कूलों के कुछ अध्यापकों एवं कुछ स्कूली



मुखियाओं ने बी.ई.ओ. डा. एस.एस.आहुजा की प्रेरणा से मिड-डे-मील कुक मृतका के परिजनों की आर्थिक सहायता करने का निर्णय लिया। मिड-डे-मील अकाऊंट एग्जिक्यूटिव वीरेंद्र वर्मा के सहयोग से एक दिन में ही अध्यापकों ने लगभग 32 हजार रूपए की राशि एकत्रित की। बी.ई.ओ. डा. एस.एस.आहुजा ने बताया कि प्राचार्य भीम सैन ने 20 हजार रूपए की राशि का चैक ऊषा रानी के पति रोशन लाल को दिया। इस अवसर पर डा. प्राचार्य बिजेंद्र सिंह, डा. दिनेश यादव, पवन कुमार, ए.बी.आर.सी. विष्णु एवं सुनीता उपस्थित थी।

## स्कूली बच्चों की रैलियां फसल अवशेषों में आग ना लगाने का दे रही संदेश




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि जिले में सीआरएम स्कीम के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों व शिविरों का आयोजन करके आमजन को फसल अवशेष प्रबंधन करने व फसल अवशेषों में आग ना लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्कूली विद्यार्थियों को साथ लेकर कृषि विभाग के अधिकारी जागरूकता रैलियों का आयोजन कर गांवों में प्रचार-प्रसार करने का काम कर रहे है। अहम पहलू यह है कि स्कूली बच्चों की यह जन चेतना रैलियां किसानों व आमजन को फसल अवशेषों में आग ना लगाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने का संदेश देने का काम कर रही है।
डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि विभाग द्वारा शुक्रवार को गांव कमोदा, बारना, लाडवा, मेहरा, मलिकपुर सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों के माध्यम से फसल

**जागरूक**

8 आमजन को फसल अवशेष प्रबंधन करने व फसल अवशेषों में आग ना लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा

अवशेष प्रबंधन को लेकर जन चेतना रैलियां निकाली गई। स्कूली विद्यार्थियों की यह जन चेतना रैलियां गांव की प्रत्येक गली, मोहल्ले और चौपाल में पहुंची और आमजन को फसल अवशेषों में आग ना लगाने, फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करके आर्थिक लाभ उठाने, फसल अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में नारों, स्लोगनों, पोस्टरों आदि के माध्यम से जागरूक किया। इसके साथ-साथ शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी आमजन को कृषि विभाग की विभिन्न कृषि स्कीमों की जानकारी प्रदान करने का काम कर रहे है।

# शहीद भगत सिंह जयंती पर सफाई पखवाड़ा मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निदेर्शानुसार शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड नं 25 में सफाई पखवाड़ा मनाया गया। इसके अंतर्गत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वार्ड के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य किया व स्वच्छता का सन्देश दिया। गौरतलब है 9 साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए एक स्पष्ट संदेश देकर आह्वान किया था व देश मे विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिको ने इसका स्वागत किया



और सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए स्वामित्व लेने में अत्यधिक उत्साह दिखाया। परिणामस्वरूप स्वच्छता एक राष्ट्रीय स्वभाव परिवर्तन बन गया और अब हर किसी की जुबान पर स्वच्छ भारत मिशन अब एक दिनचर्या का अंग बन गया है इसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिनाँक 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी

**सफाई कार्य**

8 ागर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वार्ड के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य किया

स्थानों पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा वार्ड प्रधान नरेश अग्रवाल, मंडल सचिव करन अग्रवाल, शक्ति प्रमुख हैप्पी धीर, बूथ प्रधान अनिल बहल, पवन गुप्ता, सुमित अग्रवाल व वार्ड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रत्नावली समारोह 28 अक्टूबर से होगी शुरू: कुलपति प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से आयोजित हरियाणा के कलाकारों का महाकुंभ जिसे रत्नावली के नाम से जाना जाता है का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह उद्घोषणा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की। उन्होंने कहा कि रत्नावली समारोह हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपनी पहचान रखता है। रत्नावली के माध्यम से हरियाणा की अनेक विधाओं को जन्म मिला है। रत्नावली पूरे हरियाणा के कलाकारों को मंच तो प्रदान करता ही है इसके साथ-साथ उनमें प्रतियोगिता की भावना को भी जन्म देता है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि रत्नावली समारोह इस वर्ष भी युवा कलाकारों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

# विधायक सुभाष सुधा ने थानेसर अनाज मंडी में धान खरीद कार्य का लिया जायजा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान की खरीद कार्य 5 दिन पहले शुरू करके किसानों और व्यापारियों के हित में एक अच्छा निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों की फसल को जल्दी खरीदा जाएगा और व्यापारियों को भी फायदा होगा। इस समय धान की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। प्रशासन की तरफ से मंडियों में पुख्ता इंतजाम किए गए है।
विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को देर सायं थानेसर अनाज मंडी में धान खरीद कार्य का जायजा ले रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी,



मार्किट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह ने थानेसर अनाज मंडी का निरीक्षण किया और खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने धान की नमी और तोल कार्य को भी चैक किया।

**राहत**

8 प्रदेश सरकार ने धान की खरीद कार्य 5 दिन पहले शुरू करके किसानों और व्यापारियों के हित में एक अच्छा निर्णय लिया है

इसी के साथ ही विधायक ने आढ़तियों, किसानों और मजदूरों से बातचीत की।
विधायक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है, किसी को भी रतिभर भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।
प्रशासन द्वारा मंडियों में पीने का पानी, बिजली, सफाई, शौचालय, बारदाना और अन्य तमाम व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबंध किए है।
विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के उठान कार्य को भी तेजी के साथ किया जाए, जो भी एजेंसी धान के उठान कार्य को कर रही है, उसे पारदर्शी और निष्पक्ष प्रणाली से धान का उठान कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाए। मार्किट कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार थानेसर अनाज मंडी से डीएफएससी विभाग द्वारा 2 लाख 28 हजार 521 क्विंटल और हेफेड द्वारा 81736 क्विंटल धान की खरीद की गई है। इस प्रकार अब तक दोनों एजेंसियों ने 3 लाख 10 हजार 257 क्विंटल धान खरीद लिया है।

# वायु प्रदूषण के खिलाफ जंग के लिए दिल्ली तैयार

## सीएम ने किया 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान का ऐलान: धूल प्रदूषण को कम करने के लिए कई सारे कदम उठाए गए हैं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**मुख्यमंत्री अर**विंद केजरीवाल ने सर्दी के मौसम में दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की। दिल्ली सरकार सख्ती से इसे लागू करेगी, ताकि ठंड के मौसम में दिल्ली वालों को प्रदूषण की समस्या से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में दिल्लीवासियों की मेहनत से प्रदूषण के स्तर में करीब 30 फीसद की कमी आई है। प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में इस बार फिर से दिल्ली तैयार है और दिल्ली सरकार का विंटर एक्शन प्लान भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली में चिह्नित 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इस बार दिल्ली के 5 हजार एकड़ से अधिक खेतों में बॉयो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव किया जाएगा। निर्माण साइटों पर कड़ी नजर रहेगी, एंटी डस्ट मशीनों का इस्तेमाल करेंगे और वाहन प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ खुले में कूड़ा जलाने पर रोक रहेगी। प्रदूषण बढ़ने पर सख्ती से ग्रैप को लागू किया जाएगा और पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे।

**दिल्ली सरकार का 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान:**

-13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग विशेष एक्शन प्लान: केजरीवाल ने 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की जानकारी देते हुए कहा कि हमने दिल्ली के अंदर 13 हॉटस्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां ज्यादा प्रदूषण होता है। हर हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इसके लिए एक वॉर रूम बनाया गया है। 13 विशेष टीमें बनाई गई हैं। इन सभी हॉट स्पाट की सघन निगरानी ग्रीन वार रूम से की जाएगी।

**पराली:** पिछले तीन वर्षों से हमने दिल्ली के खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डी-कंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया है। इसके नतीजे काफी अच्छे आए हैं। पिछले साल हमने 4400 एकड़ खेत में बायो डीकंपोजर का छिड़काव किया था। इस साल 5000 एकड़ से अधिक बासमती और गैर-बासमती कृषि भूमि पर मुफ्त में बायो-डीकंपोजर का छिड़काव किया जाएगा।

**धूल प्रदूषण:** केजरीवाल ने कहा कि धूल प्रदूषण को कम करने के लिए कई सारे कदम उठाए गए हैं। निर्माण साइट्स पर निगरानी रखने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। 500 वर्गमीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट को डस्ट कंट्रोल करने के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। पांच हजार वर्ग मीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा। सड़कों पर सफाई के दौरान उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए 82 मैकेनिकल रोड स्पीपिंग मशीन लगाई गई हैं। इसके अलावा 530 वाटर स्प्रिंक्लिंग मशीनें और 258 मोबाइल एंटी स्मॉग गन सड़कों पर पानी छिड़काव के लिए लगाई जाएंगी।

वाहन प्रदूषण: वाहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। साथ ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन के प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए 385 टीमें गठित की गई हैं। दिल्ली में अत्यधिक ट्रैफिक वाली 90 सड़कों की पहचान की गई है। इन सड़कों पर ट्रैफिक कम करने के लिए वैकल्पिक रूट उपलब्ध कराए जाएंगे। वैकल्पिक रूटों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

खुले में कूड़ा जलाने पर रोक: दिल्ली के अंदर खुले में कूड़ा जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसकी निगरानी के लिए 611 टीमों टीमों का गठन किया गया है।

**औद्योगिक प्रदूषण:** मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में स्थित सभी 1727 औद्योगिक इंडस्ट्रीज अब पीएनजी से संचालित होती हैं। इसकी निगरानी के लिए 66 टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें सुनिश्चित करेंगी कि ये इकाइयां किसी भी अनधिकृत और प्रदूषणकारी ईंधन का उपयोग तो नहीं कर रही हैं। साथ ही, अवैध रूप से चल रही औद्योगिक इकाइयों पर भी कार्रवाई करेगी।

### केंद्र सरकार, सीएक्यूएम और पड़ोसी राज्यों से होगा संवाद

**केजरीवाल** ने कहा कि प्रदूषण कोई बाउंड्री नहीं देखता है। हरियाणा की हवा दिल्ली आती है, दिल्ली की हवा यूपी जाती है। हमारी कोशिश है कि आसपास के राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण को कम करें। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट का डेटा बताता है कि दिल्ली में 31 फीसद प्रदूषण दिल्ली के आंतरिक स्रोतों की वजह से होता है, जबकि 69 फीसद बाहरी स्रोतों की वजह से है। पड़ोसी राज्यों से हमारी अपील है कि वाहन सीएनजी आधारित वाहन भी दिल्ली में आने दें। दिल्ली के आसपास पॉल्यूटिंग ईंधन से चल रही इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट किया जाए। ईंट भट्टे को जिग-जैग तकनीक में बदला जाए। 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए, ताकि जेनरेटर की जरूरत न पड़े। एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए।

**ग्रैप का क्रियान्वयन:** केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में ग्रैप को सख्ती के साथ लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की एजेंसी और सीएक्यूएम के जरिए तीन दिन बाद का पूर्वानुमान पता चल जाता है। इसके आधार पर ग्रैप को लागू किया जाता है।

**रोडमैप**

**8 एक ग्रीन वॉर रूम बनाया है, जिसके जरिए 24 घंटे निगरानी की जाएगी, कार्रवाई की रिपोर्ट का विश्लेषण होगा**

**ग्रीन वॉर रूम:** केजरीवाल ने कहा कि इस सम्बन्ध में एक ग्रीन वॉर रूम बनाया है, जिसके जरिए 24 घंटे निगरानी की जाएगी। यहां सभी एजेंसियों द्वारा हर दिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का विश्लेषण होगा और अगले दिन की योजना बनाई जाएगी।

**ग्रीन दिल्ली एप:** केजरीवाल ने बताया कि 3 साल पहले लॉन्च किया गया ग्रीन दिल्ली एप जनता के बीच काफी लाकप्रिय रहा है। एप पर अभी तक 70,470 से अधिक शिकायतें आईं। इसमें से 63,344 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जो कि 90 फीसद है। दिल्ली के सभी लोगों से हमारी अपील है कि वे अपने मोबाइल में ग्रीन दिल्ली एप डाउनलोड करें और दिल्ली में कहीं भी प्रदूषण करने वाली गतिविधि को देखें तो ग्रीन दिल्ली एप पर सूचना अवश्य दें। हम उसपर कार्रवाई करेंगे।

रियल टाइम सोर्स अपोरशमेंट स्टडी: आईआईटी दिल्ली और डीपीसीसी के साथ रियल टाइम सोर्स अपोरशमेंट स्टडी की जा रही है। इसके लिए रॉउज एवेन्यू रोड पर स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में एक सुपरसाइट बनाई गई है।

# अपराध की राजधानी बनी दिल्ली!



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लूट जैसे माम**लों में दिल्ली पुलिस कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गत छह महीने में राजधानी में तीन हजार से अधिक घटनाएं हुईं। पुलिस इसमें से 68 फीसदी मामले को अब तक नहीं सुलझा सकी है। भोगल में हुई करोड़ों के जेवरात की चोरी ने एक बार फिर न सिर्फ पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि वारदात होने के बाद उसे सुलझाने के दावों पर भी सवाल खड़ा किया है। दिल्ली के भोगल में हुई करोड़ों की चोरी की वारदात के बाद भले ही दिल्ली पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, लेकिन आंकड़ों पर नजर फेरें तो सेंधमारी की वारदात के प्रति पुलिस संजीदा नहीं दिखती। आंकड़े काफी चिंताजनक हैं जिनपर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

**गत छह महीने में राजधानी में तीन हजार से अधिक चोरी की घटनाएं हुईं:** वहीं, ऐसे सेंधमारी, लूट जैसे मामलों में दिल्ली पुलिस कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गत छह महीने में राजधानी में तीन हजार से अधिक घटनाएं हुईं। पुलिस इसमें से 68 फीसदी मामले को अब तक नहीं सुलझा सकी है। भोगल में हुई करोड़ों के जेवरात की चोरी ने एक बार फिर न सिर्फ पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि वारदात होने के बाद उसे सुलझाने के दावों पर भी सवाल खड़ा किया है। सेंधमारी के केस सुलझाने में कमी के कारणों के पीछे यह भी माना जा रहा है कि पुलिस थानों में संख्या बल की कमी की वजह से पुलिस उस पर अधिक ध्यान नहीं दे पाती है।

**सवालिया निशान**

**8 छह महीने में तीन हजार से अधिक चोरी; चौंका देंगे आंकड़े, पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था की पोल खुली**

**बाइक चोरी के मामले भी काफी बड़ी मुसीबत:**

वर्ष 2023 के शुरूआती छह माह से वर्ष 2022 की तुलना में सामान्य चोरी के 21 फीसदी से अधिक मामले दर्ज किए।

# शहर के माहौल को पुनर्जीवित करने के लिए दिल्ली में लगाएं बांस: एलजी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए बांस के पेड़ लगाने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि इस पहल से शहर के माहौल को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। अमृतसर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की हालिया बैठक में उपराज्यपाल ने हाल के महीनों में दिल्ली में उठाए गए अच्छे तौर-तरीकों और अभिनव प्रयासों पर एक प्रस्तुति दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं। उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि



दिल्ली सरकार के वन विभाग ने लगभग 2.9 लाख बांस के पेड़ लगाए और दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पूरे शहर में 25,000 बांस के पेड़ लगाए, जिसमें यमुना के तट पर बांसेरा भी शामिल है। उन्होंने दावा किया कि बांस अन्य प्रजातियों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक आक्सीजन उत्सर्जित करते हैं और पानी की कम खपत करते हैं, जिससे जल स्तर बढ़ाने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों के संदेह के बावजूद ये पेड़ आठ महीनों के दौरान 10-20 फीट तक बड़े हो गए हैं जबकि दिल्ली अन्य राज्यों से आयातित वायु प्रदूषण से पीड़ित है, इस पहल से शहर के माहौल को पुनर्जीवित करने के साथ ही नवीनीकृत करने में मदद मिलेगी।

**शांति**

**8 उपराज्यपाल ने दिल्ली में उठाए गए अच्छे तौर-तरीकों और अभिनव प्रयासों पर एक प्रस्तुति दी**

# डीडीए अधिकारियों ने सील किया रोशनारा क्लब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के प्रतिष्ठित रोशनारा क्लब को डीडीए ने** शुक्रवार सुबह सील कर दिया है। डीडीए ने क्लब की लीज खत्म हो जाने के वजह से क्लब को सील किया है। डीडीए अधिकारियों ने क्लब पर अपनी कार्रवाई शुरू करने से पहले औपचारिक एलान करते हुए क्लब मैंमर्स और लोगों से सरकारी काम में बाधा न डालने की अपील करते हुए क्लब को अपने कब्जे में लेने की घोषणा की थी। क्लब के महासचिव राजन मनचंदा ने डीडीए की कार्रवाई पर बोलते हुए कहा कि रोशनारा क्लब की स्थापना 1922 में हुई थी और हमारी लीज अवधि 90 वर्ष थी। हमारे पास दो पट्टे थे एक 1922 का और दूसरा 1928 का, हर 30 साल में उनका नवीनीकरण होता था। हमारा पहला पट्टा 2012 में समाप्त हो गया था, जिसकी समय अवधि बढ़ाने के लिए हमने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ उचित संचार किया था। हमें 6 महीने-1 साल का एक्सटेंशन मिला। 2018 में एक और रिलीज खत्म हुई...आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने हमें एक पत्र भेजा, जिसमें उल्लेख किया गया था कि सरकार एक नीति बनाएगी इसलिए हमारे साथ तदनुसार व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि छह महीने पहले हमें डीडीए से इसे खाली करने का नोटिस मिला, जिसके लिए हम हाईकोर्ट पहुंचे और वहां से हमें यह कहते हुए सुरक्षा मिल गई कि निचली अदालत इस पर फैसला लेगी।




`सेवा पखवाड़ा के तहत सांसद मीनाक्षी लेखी ने करोल बाग में लेडिज टॉयलेट महिलाओं को समर्पित किया।

# आप ने आईएनडीआईए में जतायी पूर्ण प्रतिबद्धता: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल** ने पंजाब में कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद उठे संशय पर कहा कि आम आदमी पार्टी आईएनडीआईए के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा को हाल ही में 2015 के ड्रग्स तस्करी मामले में पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद कांग्रेस की स्थानीय इकाई ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी का कहना है कि आम आदमी पार्टी सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के तहत ऐसा कर रही है। इससे आईएनडीआई गठबंधन के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज सर्दी के मौसम में दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की। इसी दौरान एक पत्रकार वार्ता के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आईएनडीआई गठबंधन के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पार्टी किसी कारण से गठबंधन से अलग नहीं होगी। हम गठबंधन से जुड़े धर्म को निभाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार राज्य में ड्रग्स के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। इसने युवाओं को बर्बाद कर दिया है। कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति हो या कोई छोटा-मोटा व्यक्ति, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। वे किसी विशेष घटना पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। उनके पास खैरा मामले की कोई जानकारी नहीं है।

**एकजुट**

**8 सुखपाल सिंह खैरा को हाल ही में 2015 के ड्रग्स तस्करी मामले में पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है**

# 25 करोड़ की चोरी मामले में पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के जंगपुर** इलाके में स्थित ज्लेवरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपये के गहने चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस ने बताया कि भोगल ज्वेलरी दुकान में चोरी मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार, दुर्ग पुलिस ने शातिर चोर लोकेश को 25 किलो सोना के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को लोकेश के पास से 25 किलो सोना के अलावा नगद और अन्य जेवरात



भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का बताया जा रहा है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांद गांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा मे पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार किया था। दुर्ग पुलिस आरोपित से मामले की पूछताछ कर रही है।

**शिकंजा**

**8 ज्लेवरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपये के गहने चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया**

**आरोपित से 18.5 किलो सोना बरामद:** दिल्ली के जंगपुरा के ज्लेवरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी करने वाला आरोपित लोकेश गिरफ्तार कर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से साढ़े 18 किलो सोना भी बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बिलासपुर पुलिस ने इस शातिर चोर को दुर्ग पुलिस की सहयोग से स्मृति नगर के एक मकान से उसे गिरफ्तार किया, जहां वह किराए से रह रहा था। शुरूआती जांच में पता चला है कि लोकेश ने भिलाई में आखिरी बार फरवरी 2020 में आकाश गंगा स्थित पारख ज्वेलर्स में चोरी की थी।

**एमपी भी भेजी गई थी टीम:** जिला पुलिस से पहले क्राइम ब्रांच ने टेक्निकल जांच यानी उस इलाके के डंप डाटा से कुछ नंबर का पता लगाया जो वारदात वाली रात भोगल इलाके में पहली बार इस्तेमाल हुआ था। उस नंबर के आधार पर क्राइम ब्रांच की तीन टीम की तीन जगहों पर भेजा गया। ऐसा इसलिए की ये लोग बार-बार जगह बदल रहे थे। एक टीम को सागर एमपी भेजा गया था। दूसरे को कवारदा छत्तीसगढ़ और तीसरी टीम को भिलाई भेजा गया।

# पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिण पश्चिमी** दिल्ली में द्वारका मोड़ के पास एक पार्क में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, व्यक्ति की उम्र करीब 45 साल है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**शरीर पर चोट के निशान:** पुलिस के अनुसार, व्यक्ति के शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने कहा कि हमें द्वारका मोड़ के पास एक पार्क में एक पेड़ से शव लटके होने की सूचना मिली। जांच में पता चला है कि व्यक्ति के शरीर पर चोट के निशान हैं।

**वारदात** — साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों पर गौर करें तो इस वर्ष शिकायतें भी पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना अधिक दर्ज की गई

# साइबर ठगों ने 6 महीने में दिल्लीवासियों से ठगे डेढ़ अरब रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सख्ती के तमाम** दावे और जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी में साइबर अपराध के मामले मात्र दो वर्ष में ही चार गुना तक बढ़ गए हैं। इस वर्ष के शुरूआती छह माह में ही लगभग 1.68 अरब रुपये की ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में दिल्लीवासी लगभग 42 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार हुए थे। विशेष बात यह है कि ठगी की रकम को पीड़ितों तक पहुंचाने की दर बेहद कम है। पुलिस ने इस वर्ष के छह माह में सिर्फ 5.6 लाख रुपये ही साइबर अपराध के पीड़ितों को वापस दिला पाई है। साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों पर गौर करें तो इस वर्ष शिकायतें भी पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना अधिक दर्ज की गई हैं। गत वर्ष उक्त समय अवधि के दौरान विभिन्न प्रकार की साइबर अपराध से जुड़ी लगभग साढ़े सात हजार शिकायतें दर्ज की गई थीं। इस वर्ष 25 हजार शिकायतें दर्ज की गई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में फेक कॉल स्कैम, क्रिप्टोकरंसी में निवेश और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर अधिक ठगी हो रही है। फेक कॉल स्कैम में ठग पीड़ितों को खुद को बैंक अधिकारी, निवेश कंपनी का



अधिकारी या तकनीकी अधिकारी बताते हैं। एक बार जब उन्हें पीड़ित का डाटा, जैसे- क्रेडिट कार्ड विवरण, ओटीपी, नेट बैंकिंग पासवर्ड या अन्य विवरण मिल जाते हैं, तो वे पैसे उड़ा लेते हैं। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर ठग नकली वेबसाइट बनाते हैं और लोगों को स्टाक ट्रेडिंग या बिटकाइन में निवेश करने का लालच देते हैं। टेलीग्राम और वाट्सएप ग्रुप का उपयोग करके गिरोह के सदस्य लोगों को पैसा निवेश करने के लिए बड़े पैमाने पर मैसेज भेजते हैं। जैसे ही कोई झांसे में आता है, फिर उसे ठगी का शिकार बनाते हैं। ठगी की रकम वापस लाना आसान नहीं

**ठगी**

**8 पिछले वर्ष इसी अवधि में दिल्लीवासी लगभग 42 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार हुए थे**

इस वर्ष एक जनवरी से 30 जून तक सिर्फ 5.6 लाख रुपये ही पीड़ितों को पुलिस वापस दिला पाई है। ठगी के तुरंत बाद ठग बैंक से रकम निकाल लेते हैं। जो रकम बैंक में होती है, उसे सीज कर दिया जाता है। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर जांच अधिकारी बैंक से सीज की गई रकम की जानकारी लेता है। पीड़ित को भी संबंधित कोर्ट में जाना होता है।

**इन के जरिए लोगों को बनाया निशाना:** ठगों के बैंक खातों के पते और नाम भी फर्जी होने की वजह से रकम का विवरण निकालने में समय लगता है।

## संपादकीय

# स्त्री पुरुष असमानता और महात्मा गांधी

**स्त्री** पुरुष में असमानता को लेकर गांधीजी के चिंतन में भारत की 85% आबादी का ख्याल था। 1918 में मुंबई में आयजित भगिनी समाज की बैठक में दिया गया उनका उद्बोधन इन्हीं चिंताओं को व्यक्त करता है। गांधीजी चाहते थे कि स्त्रियाँ अपने कार्यों में पुरुषों की सहायता अवश्य लें, लेकिन स्त्री जाति की उन्नति के लिए स्वयं प्रयास करें।भारतीय समाज में स्त्रियों की अवनति का एक प्रमुख कारण सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विषयों में पुरुष प्रधान व्यवस्था रही है ।स्मृति ग्रंथों में भी स्त्री का स्थान वर्ण व्यवस्था के अंतिम पायदान पर बैठे समुदाय के समान रखा गया है ।गांधी जी इस असमानता का एक कारण बाल विवाह तथा विधवाओं खासकर बाल विधवाओं पर लगे प्रतिबन्ध को मानते थे।वे स्मृतियों में वर्णित नियंत्रणों के अलावा दुरावस्था में जीवन यापन को विवश स्त्रियों में जागृति लाने देश की सभ्रांत महिलाओं का आह्वान करने से पीछे नहीं हटे और उन्होंने स्मृतियों में स्त्रियों के सम्बन्ध वर्णित ऐसे आख्यानों का कडा विरोध करते हुए उन्हें ब्रह्म वाक्य मानने से इनकार कर दिया।गांधीजी ने भारत में धर्म की बागडोर के सुरक्षित रहने में स्त्रियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नारी अपनी धार्मिक निष्ठा में पुरुषों से कहीं बढ़ चढ़कर रही है ।गांधीजी के अनुसार स्त्रियाँ पुरुषों की अपेक्षा अधिक विनम्र व दयालु होती हैं तथा वे मूक एवं गंभीर सहिष्णुता की प्रतीक रही हैं।लेकिन हिन्दू धर्मग्रंथों ने स्त्रियों पर अनेक आक्षेप किये जिसके कारण उनकी दुर्दशा हुई और वे पुरुषों के समान अधिकारों से वंचित कर दी गई।गांधीजी के अनुसार गांधीजी ने स्त्रियों को त्याग की मूर्ति माना और उनसे अपेक्षा की कि जैसा त्याग वे कुटुंब के लिए करती हैं वैसा ही त्याग देश के लिए करें। गांधीजी मानते थे कि स्त्री पुरुष की सहचारिणी है , उसकी मानसिक शक्ति पुरुष के समान ही है और उसे पुरुष की छोटी से छोटी प्रवृत्ति में भाग लेने का समान अधिकार है।वे पुरुष वर्ग को प्राप्त स्वतंत्रता से स्त्रियों को वंचित रखने के पक्ष में नहीं थे।साथ ही साथ वे स्त्री और पुरुष का दर्जा तो बराबरी का मानते थे ।पर दोनों एक हैं इसके बजाय वे दोनों की जोड़ी अपूर्व है, दोनों एक दूसरे के पूरक है और दोनों का काम एक दूसरे के बिना चल नहीं सकता है, ऐसा मानते थे। इस धारणा के समर्थन में उनका तर्क था कि आदिकाल से ही स्त्रियाँ सूत कातने और पुरुष बुनने का काम मिल जुलकर करते थे।गांधीजी का मानना था कि स्त्री अपने क्षेत्र में सर्वोपरि है और इसी कारण वे गृह व्यवस्था व अल्पायु बालकों की शिक्षा में स्त्रियों के वर्चस्व के हिमायती थे।गांधीजी और महिला अधिकारों के वर्तमान समर्थकों के बीच एक बड़ा मतभेद इन बिन्दुओं को लेकर है।

गांधीजी के विचार स्त्रियों की शिक्षा को लेकर स्पष्ट थे।ह्लविद्या के बिना मनुष्य का जीवन पशुवत है, विद्या के अभाव में स्त्रियाँ शुद्ध आत्मज्ञान से वंचित रह जाती हैं ।पढने लिखने से बुद्धि विकसित व तीव्र होती है और परोपकार करने की क्षमता बढ़ जाती है। इसीलिये पुरुषों ने स्त्रियों के शिक्षा संबंधी स्वाभाविक मानवीय अधिकार छीन लिए और इस कारण उनमें जागृति का अभाव है।गांधीजी के अनुसार स्त्रियों का कार्यक्षेत्र गृह व्यवस्था है और उन्हें नौकरियाँ खोजने या व्यापार करने की आवश्यकता नहीं है।

# जो श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है

किशन भावनानी

> पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता हैं। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात ही स्व-पितृ तर्पण किया जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं। जिस तिथि को माता-पिता का देहांत होता है, उसी तिथी को पितृपक्ष में उनका श्राद्ध किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित्त जो अपनी शक्ति सामर्थ्य केअनुरूप शास्त्र विधि से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करता है, उसके सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं और घर-परिवार, व्यवसाय तथा आजीविका में हमेशा उन्नति होती है। पितृ दोष के अनेक कारण होते हैं

**वैश्विक** स्तरपर भारत मान्यताओं प्रथाओं परंपराओं और गहरी आध्यात्मिकता में आस्था रखने वाले देश के रूप में प्रसिद्ध है। अनेक कारणों में से यह भी एक कारण है की पूरी दुनियां से सैलानी भारत भ्रमण पर आते है जो इन प्रथाओं परंपराओं आध्यात्मिकता को देख उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करते हैं। आधुनिक विज्ञान के इस डिजिटल युग में जहां मानव चांद पर मानव कॉलोनी बनाने की ओर बढ़ गए हैं, सूर्य को अपनी मुट्ठी में लेने के प्रयास हो रहे हैं, मानव का स्थान अब रोबोट ले रहा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां हदें पार कर रही है, वहीं भारत जैसा आस्था का प्रतीक देश अपनी परंपरागत आस्था शैली में 29 सितंबर से 14 अक्टूबर 2023 तक सच्चे मन से एवं श्रद्धा से श्राद्ध मनाकर अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है। मान्यता के अनुसार इस दौर में हमारे पूर्वज किसी न किसी रूप में धरती पर आते हैं और श्राद्ध को ग्रहण करहमें आशीर्वाद देते हैं। चूंकि यह 15 दिवसीय श्राद्ध शुरू हो गए हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से, चर्चा करेंगे, श्रद्धया इदं श्राद्धम्? - जो श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है।

साथियों बात अगर हम पितृपक्ष या श्राद्ध कीकरें तो,पितृपक्ष या श्राद्ध पक्ष भाद्रपद महीने की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्?या तक चलते हैं। 29 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हो गए है, जो कि 14 अक?टूबर को खत?म होगा। पितृपक्ष में अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत?मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है. देश की प्रमुख जगहों जैसे हरिद्वार, गया आदि जाकर पिंडदान करने से पितृप्रसन्न होते हैं। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूरे विधि विधान से अनुष्ठान किए जाते हैं।पितृपक्ष में किए गए तर्पण से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है और घर में हमेशा सुख-शांति बनी रहती ह। शास्त्रों के अनुसार, श्राद्ध के अनुष्ठानों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। श्रद्धया इदं श्राद्धम्? (जो श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है।) भावार्थ है, प्रेत और पित्त्तर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाए वह श्राद्ध है।हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है।



इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु उपरांत लोग विस्मृत न कर दें, इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं जिसमे हम अपने पूर्वजों की सेवा करते हैं।आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। मृत्यु के बाद दशगात्र और षोडशी-सपिण्डन तक मृतव्यक्ति की प्रेत संज्ञा रहती है। पुराणों के अनुसार वह सूक्ष्म शरीर जो आत्मा भौतिक शरीर छोड़ने पर धारण करती है प्रेत होती है। प्रिय के अतिरेक की अवस्था प्रेत है क्यों की आत्मा जो सूक्ष्म शरीर धारण करती है तब भी उसके अन्दर मोह, माया भूख और प्यास का अतिरेक होता है। सपिण्डन के बाद वह प्रेत, पित्तरों में सम्मिलित हो जाता है। भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया।पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम काजीवन जीते हैं; पितरों को स्मरण करके जल चढाते हैंनिर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं। पितृपक्ष में प्रत्येक परिवार में मृत माता-पिता का श्राद्ध किया जाता है, परंतु गया श्राद्ध का विशेष महत्व है। वैसे तो इसका भी शास्त्रीय समय निश्चित है, परंतु गया सर्वकालेषु पिण्डं दधाद्विपक्षणं कहकर सदैव पिंडदान करने की अनुमति दे दी गई है। अर्थात जो अपने पितरों को तिल-मिश्रित जल की तीन तीन अंजलियाँ प्रदान करते हैं, उनके जन्म से तर्पण के दिन तक के पापों का नाश हो जाता है। हमारे हिंदू धर्म-दर्शन के अनुसार जिस प्रकार जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु भी निश्चित हैउसी प्रकार जिसकी मृत्यु हुई है, उसका जन्म भी निश्चित है। ऐसे कुछ विरले ही होते हैं जिन्हें मोक्ष प्राप्ति हो जाती है। पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता हैं। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात ही स्व-पितृ तर्पण किया जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं। जिस तिथि को माता-पिता का देहांत होता है, उसी तिथी को पितृपक्ष में उनका श्राद्ध किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित्त जो अपनी शक्ति सामर्थ्य केअनुरूप शास्त्र विधि से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करता है, उसके सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं और घर-परिवार, व्यवसाय तथा आजीविका में हमेशा उन्नति होती है। पितृ दोष के अनेक कारण होते हैं। परिवार में किसी की अकाल मृत्यु होने से, अपने माता-पिता आदि सम्मानीय जनों का अपमान करने से, मरने के बाद माता-पिता का उचित ढंग से क्रियाकर्मऔर श्राद्ध नहीं करने से, उनके निमित्त वार्षिक श्राद्ध आदि न करने से पितरों को दोष लगता है। इसके फलस्वरूपपरिवार में अशांति, वंश-वृद्धि में रूकावट, आकस्मिक बीमारी,संकट धन में बरकत न होना,सारी सुख सुविधाएँ होते भी मन असन्तुष्ट रहना आदि पितृ दोष हो सकते हैं। यदि परिवार के किसी सदस्य की अकाल मृत्यु हुई हो तो पितृ दोष के निवारण के लिए शास्त्रीय विधि के अनुसार उसकी आत्म शांति के लिए किसी पवित्र तीर्थ स्थान पर श्राद्ध करवाएँ अपने माता-पिता तथा अन्य ज्येष्ठ जनों का अपमान न करें। प्रतिवर्ष पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण अवश्य करें। यदि इन सभी क्रियाओं को करने के पश्चात पितृ दोष से मुक्ति न होती हो तो ऐसी स्थिति में किसी सुयोग्य कर्मनिष्ठ विद्वान ब्राह्मण से श्रीमद् भागवत पुराण की कथा करवायें। वैसे श्रीमद् भागवत पुराण की कथा कोई भी श्रद्धालु पुरुष अपने पितरों की आम शांति के लिए करवा सकता है। इससे विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। साथियों बात अगर हम हमारे पूर्वजों के हमारे आसपास होने के संकेतों की करें तो,(1) पितृ पक्ष में कौए का विशेष महत्व माना है. माना जाता है कि इन दिनों में पितर कौवों के रूप में धरती पर आते हैं और जल-अन्न ग्रहण करते हैं। पितृ पक्ष के दौरान अगर कौआ आपके घर में आकर भोजन ग्रहण करता है तो इसका मतलब है कि आपके पूर्वज आपके आसपास मौजूद हैं और आप पर उनकी दया दृष्टि है।(2)श्राद्ध के दिनों में अगरआपको अपने घर के आसपास अचानक से काला कुत्ता दिखाई देता है, तो यह आपके आसपास पितरों की मौजूदगी का संकेत हो सकता है. पितृ पक्ष के दौरान काले कुत्ते को पितरों का संदेशवाहक माना जाता है। इन दिनों में काले कुत्ते का दिखना एक शुभ संकेत माना जाता है. इसका मतलब है कि आपके पितृ आपसे प्रसन्न हैं।(3)पितृ पक्ष के दौरान आपको घर में बहुत सारी लाल चीटियां दिखाई दें तो यह भी पितरों के आसपास होने का संकेत है. माना गया है कि आपके पितृ चीटियों के रूप में आपसे मिलने आते हैं. ऐसे में आपको चीटियों को आटा खिलाना चाहिए।

## कविता

दुःख कहने वाले तो मिल जाते
यहाँ हर कदम पर अपने पराये,
दौर आया मस्तीपसंद लोगों का
बांट सके दुःख कोई किसी का,
वो नामुमकिन हो चला है आज ।
रोते इंसान को देख लोग यहाँ
मस्ती में खिल्ली खूब उडाते हैं,
वक़्त हो जब विपरीत तो
अपने अपने से लगने वाले,
वो अपने भी शत्रु बन जाते है ।
सबमें दोष खोजने वाले और
दूसरों को बदलने की बात तो
बहुत करते हैं मस्ती में लोग किन्तु,
परिवर्तन खुद में लाने का
रत्ती भर भी नहीं करते प्रयास।
लफ़्ज तो चुभते रहते हैं अक्सर,
मस्ती में जो है आज हर शख्स बेखबर,
विश्वास टूटने पर जब व्यवहार में,
किसी की खामोशी चुभने लगे
तो संभल जाना ही है बेहतर !

मुनीष भाटिया

# एक भारत श्रेष्ठ भारत

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**भारत एक विशाल** राष्ट्र है। इसका निर्माण सनातन संस्कृति से हुआ है। अनेक संस्कृतियां भारत रूपी गुलदान में विभिन्न प्रकार के पुष्पों की भांति रही हैं। इसका अर्थ यह है कि इन विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों एवं पंथों आदि ने इस देश के सांस्कृतिक सौन्दर्य में वृद्धि की है। यहां विविधता में भी एकता है। भारत शान्ति- प्रिय देश है। यह अहिंसा में विश्वास रखता है। परन्तु देश में गुलामी एवं संघर्षों के बाद आजादी से लेकर एक लंबे कालखंड तक ह्यबांटो और राज करोह्ल की नीति पर चलते हुए समाज, जाति, पंथ, मत, मजहब, खान-पान, वेशभूषा आदि के आधार पर विभाजन जारी रहा। इसके परिणाम स्वरूप देश की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा पर गंभीर कुठाराघात हुआ। भारत में हिंदूकुश से हिंद महासागर तक फैली हुई सांस्कृतिक एकता छिन्न-भिन्न हो गई और इसका लाभ देशद्रोही शक्तियों ने उठाया। केंद्र की भाजपा सरकार देश को सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लौह पुरुष नाम से विख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल के 140वें जन्मदिन के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2015 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्ल पहल की घोषणा की थी। इस योजना की प्रेरणा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन से ली गई है। देश की स्वतंत्रता और इसे गणराज्य बनाने में सरदार वल्लभ भाई पटेल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान देश के विभिन्न राजघरानों को भारत से पृथक न होकर इसमें सम्मिलित होने के लिए तैयार किया था। उनकी सदैव से ही अभिलाषा थी कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो। उन्होंने आजीवन देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य किया। उनका कहना था कि एकता के बिना जनशक्ति शक्ति नहीं है जब तक उसे ठीक तरह से सामंजस्य में ना लाया जाए और एकजुट ना किया जाए और तब यह आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है। वे यह भी कहते थे कि यह हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह यह अनुभव करे कि उसका देश स्वतंत्र है और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करना उसका कर्तव्य है। हर एक भारतीय को अब यह भूल जाना चाहिए कि वह एक राजपूत है, एक सिख या जाट है या अन्य कुछ है। उसे यह याद होना चाहिए कि वह एक भारतीय है और उसे इस देश में हर अधिकार है, पर कुछ जिम्मेदारियां भी हैं। वे कहते थे कि इस मिट्टी में कुछ अनूठा है, जो कई बाधाओं के बावजूद हमेशा महान आत्माओं का निवास रहा है।

इस योजना का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं का ज्ञान इस रचनात्मक कदम के परिणामस्वरूप राज्यों के बीच बेहतर समझ और बंधन को बढ़ावा देना है, जिससे भारत की एकता और अखंडता में वृद्धि हो। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति, आदतों और परंपराओं का साझा ज्ञान राज्यों के बीच संबंध और समझ को बढ़ाकर देश की एकता और अखंडता में सुधार करना है।

## विचार

# जीवन को परिष्कृत करने का पवित्र माध्यम है किताबें

**संजीव**

**महात्मा गांधी** ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैंऔर सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें सुख और सच्चाईयों का भंडार होती है। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल मित्र की भूमिका निभाती है। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं। वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है।

पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 'श्रद्धा' से ही फल देता है श्राद्ध !

**डॉ० घनश्याम बादल**

आश्विन मास की प्रतिपदा से शुरू श्राद्धपक्ष हिन्दुओं में आस्था व श्रद्धा के सथ मनाया जाता है। पुराणों में श्राद्ध के बारे में कहा भी गया है श्रद्धया एव सिद्धयति श्राद्धं अर्थात -श्राद्ध, श्रद्धा से ही सिद्ध होता है । अतः अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा के प्रतीक हैं श्राद्ध ।

**पितृपक्ष की कथाएं :** पितृ पक्ष के महत्व को प्रतिपादित करती अनेक कथाओं में सबसे महत्वपूर्ण है भागीरथ द्वारा अपने चौसठ हजार पुरखों की मुक्ति के लिये कठोर तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न करके गंगा को पृथ्वी पर लाकर उनका उद्धार करने की कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है ।

वहीं श्रीराम द्वारा भी अपने पिता दशरथ की असामयिक मृत्यु के बाद महर्षि वशिष्ठ के निदेर्शानुसार उनका तर्पण किया गया था । महाभारत के युद्ध में जब सारे कौरव मारे गए तब श्री कृष्ण के सान्निध्य में युधिठिर द्वारा उनके तर्पण की कथा भी मिलती है ।

**क्या है मान्यता ? :**

कहते हैं कि जिस व्यक्ति का मृत्यु के पश्चात उपयुक्त विधि विधान से पिंडदान नहीं किया जाता उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिलती इसलिए हिंदू हर हाल में पितृपक्ष को मनाते है। वहीं आस्थावान लोग इस माध्यम से दान पुण्य करने व ब्राह्मणों को खुश करके उनके आशीर्वाद लेने का माध्यम बताते हैं ।

**खुश व तृप्त होते हैं पितर :**

श्राद्ध पक्ष हमें इहलोक व परलोक दोनों के ही अस्तित्व का आभास कराता है । पौराणिक ग्रन्थों में कहा गया है कि श्राद्ध पक्ष में हमारे पितर वायवीय, अदृश्य रूप में पृथ्वी पर आते हैं और अपनी संतति को अपनी आत्मा की शांति के लिये पिंडदान व तर्पण करते हुये देखकर तृप्त व प्रसन्न हो पुनः मोक्षधाम को चले जाते हैं । श्राद्धपक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होकर सर्व पितृविसर्जनी अमावस्या तक एक पखवाड़ा चलता है इसी वजह से इस कालक्रम को श्राद्धपक्ष के नाम से जाना भी जाता है।

**श्राद्ध नहीं तो मुक्ति नहीं :** तर्पण का अर्थ है तृप्त करना, माना जाता है कि पितर पृथ्वी पर आकर, अपने वंशजों को सुखी व प्रसन्न देखकर तृप्त होते हैं । कहा जाता है कि जिन पितरों का तर्पण सही तरीके से नहीं हो पाता, वें भटकते रहते हैं और प्रेत योनि को प्राप्त होकर सांसारिक लोगों को परेशान करते हैं । जो व्यक्ति निःसंतान ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

# मुँह वाला मंत्री!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कल** कमाल हो गया। जनता ने पहली बार एक ऐसे मंत्री को देखा जो मुँह से बोलता था। चुनाव जीतने के बाद हाथ, पैर, आँख, नाक से बोलने वाले मंत्री अक्सर मुँह का इस्तेमाल सिर्फ रैलियों में करते हैं। किंतु इस मंत्री ने मुँह का इस्तेमाल कर अपने दल के साथ-साथ जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया। मीडिया ने भू-बकासुर, धनखाऊ और जनता की समस्याओं के प्रति चुप्पी साधने वाले इस कुंभकर्णी मंत्री के बारे में लाख कार्यक्रम चलाए, लेकिन यह मंत्री अंगद पैर की भांति सत्ता पर अड़ा रहा। मीडिया और जनता लाख चिल्लाते रहे लेकिन वह भीष्म प्रतिज्ञा की तरह चुप रहकर शांतचित्त बना रहा। पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ कि भोजन के सिवाय सब कुछ डकारने वाले इस मंत्री का मुँह कैसे खुल गया!! दलाध्यक्ष ने कहा कि असंख्य गूँगे-बहरे मंत्रियों को संभाला जा सकता है, लेकिन एक अदद मुँह वाले मंत्रा को संभालना सबसे मुश्किल काम है। अक्सर बोलने वाला मंत्री गूँगे-बहरों के बीच कैंसर बनकर उन्हें भी यह रोग लगा देता है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, सिवाय दूर रहने के। सत्ता अक्सर लूटने में इतनी लिप्त रहती है कि उसे जनकल्याण भी एक बीमारी सी लगती है।

अचानक से मुँह खोलने वाले मंत्री जी ने पिछले दो दशक से लूटपाट का ऐसा कीर्तिमान बनाया कि सभी नवजात मंत्रियों के लिए वह आराध्य लूटपुरुष बन गया। पिछले दिनों वह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के बहाने कठपुतली का तमाशा देख बैठा। उसने देखा कि बन्दर और मदारी के तमाशे में बन्दर मदारी को नचा रहा था। उसे अपनी याद हो आई। वह जनता को नचाने में सिद्धहस्त था। नेता जी के पास हमेशा नए नए आइडिया तैयार रहते थे। नई सरकार बनने पर उसने पानी-पूरी की तर्ज पर घोटाला-पूरी का स्टाल लगवाया था । कांट्रैक्टरों को उनके कार्यक्रमों का शिद्दत से इंतजार रहता था । उसने वादा कर रखा था कि अबकी जमीन पर भवन बनाए बिना जेबों में रुपयों का भवन बनायेगा। मंत्रियों के दल ने लोहे को लोहा और रुपए को रुपया काटने वाले फार्मूले की तर्ज पर मंत्री जी को पद से हटवा दिया।

## न्यूज फ्लैश

### खालसा कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गुरु नानक** खालसा कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर इंटर स्कूल कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करनाल एवं आसपास के अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। पर्यटन प्रबंधन विभाग एवं पर्यटन क्लब के इंचार्ज डा. सोनिया वधावन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर शानदार एवं प्रेरणादायक पोस्टर, कोलाज और पेंटिंग बनाई। कोलाज में एसबीएस स्कूल की तन्वी ने पहला, प्रताप पब्लिक स्कूल की ऐंजल सैनी ने दूसरा तथा गुरु नानक गर्ल्स स्कूल की मन्नू सैनी ने तीसरा पुरस्कार जीता। पोस्टर लेखन में एसबीएस स्कूल की उमंगप्रीत ने पहला, प्रताप पब्लिक स्कूल की पलक ने दूसरा तथा गुरु नानक गर्ल्स स्कूल की सोनिया ने तीसरा पुरस्कार जीता। पेंटिंग में श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल की महक ने पहला, प्रताप पब्लिक स्कूल की अनुराधा ने दूसरा तथा गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज की गुरप्रीत कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता। प्रो.शशि मदान, प्रो. अंजू चौधरी एवं प्रो. प्रीति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने सभी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की और कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी रचनात्मकता में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# पत्रकारों की मांगों के संदर्भ में सरकार की सोच सकारात्मक : जगमोहन आनंद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री के मीडिया** कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने शुक्रवार को पीडब्लयूडी रेस्ट हाऊस में हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा प्रकाशित संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही देखने गए पत्रकारों के विशेष बुलेटिन का लोकार्पण किया। विशेष बुलेटिन में उन सभी सैकड़ों पत्रकारों के फोटोग्राफ हैं, जो संसद भवन, राष्ट्रपति भवन व हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही देखने गए थे। लोकार्पण समारोह के दौरान दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार महिन्द्र सिंह के छोटे भाई दिवंगत सुरेन्द्र सिंह को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौक पर सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने पत्रकारों को



सकारात्मक सोच के साथ एकता के सूत्र में बंधने की बात कही। संघ के अध्यक्ष के.बी. पंडित ने लम्बित कैशलेस योजना को जल्द से जल्द लागू करवाने के लिए सीएम से बात करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कैशलेस योजना लम्बित है और हरियाणा पत्रकार संघ इस मांग को लम्बे समय से उठा रहा है, जिस पर गौर किया जाना बेहद जरूरी है। इस योजना का लाभ पत्रकारों को देने के लिए खुद मुख्यमंत्री कह चुके हैं, लेकिन अभी तक यह योजना सिरे नहीं चढ़ी है। इस योजना के लागू होने से पत्रकारों को 5 लाख रुपए की निशुल्क मेडिकल सुविधा मिलेगी। सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि वे इस मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखेंगे। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वे अपनी एकजुटता व सकारात्मकता बनाए रखे। यह पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जो मीडिया फ्रेंडली है और सबके हित की सोचते है। हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष के.बी. पंडित ने संघ की कार्यवाही व कार्यो को भी विस्तृत रूप की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया को भी संयमित रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सरकार इस संदर्भ में पॉलिसी जारी करें। संघ के जिलाध्यक्ष संदीप साहिल ने पत्रकार साथियों का स्वागत करते हुए मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद से कहा कि पत्रकार साथी बहुत मेहनत से अपने कार्यों को अंजाम देते हैं। उनकी मांगों पर ध्यान देते हुए उन्हें सरकार तक जल्द पहुंचाने का कार्य जैसे आप पहले करते रहे हैं, वैसे आप करते रहे। उन्होंने मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद को मीडिया फ्रैंडली बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभी पत्रकार साथियों ने मीडिया कोर्डिनेटर का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

## 194 रैपिड एक्सन फोर्स की टुकड़ी ने प्रभारियों से की भेंट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राकेश कुमार** कमांडेंट के निर्देशन में व भीम सिंह मीणा सहायक कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में 194 रैपिड एक्सन फोर्स की एक टुकड़ी 26 सितंबर से करनाल में परिचित अभ्यास रही है। इसी क्रम में आज चौथे दिन टुकड़ी ने मधुबन थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार और थाना प्रभारी घरौंड़ा निरिक्षक नसीब सिंह से भेंट की। इस टुकड़ी ने थाना प्रभारियों के क्षेत्राधिकार के गांवों की पूर्व की घटनाओं या संवेदनशीलता के बारे में जानकारी प्राप्त की व गांव गुढ़ा स्थित इंडियन ऑयल रिफाइनरी का विजिट किया तथा गाँवों में फ्लेग मार्च के द्वारा ग्रामीणों को शांति व सद्भाव का संदेश भी दिया। इसके साथ ही टुकड़ी ने थाना क्षेत्रों के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ भेंटकर इलाके के बारे में विस्तार से चर्चा की व शांति व्यवस्था बनाये रखने में उनके योगदान की सराहना की। सहायक कमांडेंट भीम सिंह मीणा ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र के बारे में अच्छी तरह से परिचित होना, नागरिक एवं प्रशासन से अच्छा तालमेल बनाना और आमजन में विश्वास बनाए रखते हुए क्षेत्र की संपूर्ण जानकरी प्राप्त करना है।

## पराली जलाने की घटनाओं पर शत-प्रतिशत लगे रोक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्य सचिव** संजीव कौशल ने वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाएं। किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें। अगर फिर भी न मानें तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। मुख्य सचिव ने उम्मीद जताई कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगेगी और सैटेलाईट के माध्यम से जो फायर लोकेशन प्राप्त हुई है। संबंधित व्यक्ति को जुमार्ना लगाया जाए और इसके बाद फिर न माने तो उनके



खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करें, जो भी इस कार्य में लापरवाही बरतता है तो उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की जागरूकता के लिए जागरूकता अभियान भी चलाकर गतिविधियों को बढ़ाया जाए।

**पराली जलाने की घटनाओं पर रोक के लिए प्रशासन ने तैयार किया माइक्रो प्लान : डीसी**

वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत गांव स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है और 2 से 3 गांवों पर एक सुपरवाईजर ऑफिसर तैनात किया गया है। इसके अलावा उच्च स्तर के अधिकारियों को तहसील व ब्लॉक में नोडल अधिकारी बनाया गया है। संबंधित एसडीएम अपने उपमंडल में पूरी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखेगा।

उन्होंने बताया कि जिन गांवों में फायर लोकेशन प्राप्त हुई है। संबंधित गांव में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

## 'श्री गणेश जी सबके विघ्न हर लेते हैं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। वॉर्ड नंबर** 15 में प्राचीन शिव मंदिर सरार्फा बाजार में जय श्री गणेश महोत्सव मण्डल की ओर से आयोजित श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर विसर्जन से पूर्व निकली शोभा यात्रा में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया व शहर के विकास व नागरिकों के मंगलमय की प्रार्थना की। प्राचीन शिव मंदिर में महापौर ने पार्षद युद्धवीर सैनी के साथ मुख्य पुजारी द्वारा शहर की खुशहाली व सुख शांति के लिए पूजा अर्चना करवाई। उन्होंने कहा कि श्री गणेश जी सबके विघ्न हर लेते हैं। करनाल शहर की खुशहाली के लिए मेयर ने



प्रार्थना की व साथ ही कहा कि बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणपति जी का विसर्जन किया जाएगा। शहर में जगह-जगह गणपति जी की आस्था बढ़ी है, इससे वह अभिभूत हैं। इस अवसर पर पार्षद युद्धवीर सैनी, मनोज भल्ला, विनोद भाटिया, गुरुषा भल्ला, कुलदीप सिंह, रवि चौधरी, चंद्र प्रकाश, बलवंत, दिलीप, दत्ता भोसले, अंशुल जैन, प्रधान रमेश जिंदल, वरिन्द्र, अनुज जैसवाल अन्य शहर वासी मौजूद रहे।

## पराली जलाने वाले चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पराली जलाने की** घटनाओं का लेकर प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पिछले दिनों में सैटेलाईट द्वारा प्राप्त 5 विभिन्न स्थानों पर फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की पुष्टि हुई है। कृषि विभाग द्वारा इन सभी स्थानों की पहचान करने के उपरांत गांव बरसत, कंबोपुरा, कुताना तथा घरौंडा सहित 4 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रवक्ता के अनुसार सैटेलाईट के माध्यम से ब्लॉक घरौंडाए इन्द्री तथा निसिंग में पराली जलाने की घटना की लोकशन प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए संबंधित व्यक्तियों को जुर्माना लगाया गया है।

## पंच प्रण के संकल्प के साथ पवित्र भाव से जुड़ रहे लोग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरी माटी मेरा** देश अभियान के तहत विकसित भारत का निर्माण, एकता-एकजुटता, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, नागरिक कर्तव्य और विरासत पर गर्व के पंच प्रण के साथ जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है और गांव-गांव जाकर माटी को नमन व वीरों का वंदन करने का कार्य निरंतर जारी है। पंच प्रण के संकल्प के साथ लोग बहुत पवित्र भाव से अपनी भावनाएं इस अभियान के साथ जोड़ रहे हैं। कोई तुलसी की जड़ की मिट्टी दे रहा, तो कोई केले की जड़ से, कोई अपने देवालय से, कोई शिवालय से, कोई रसोई की मिट्टी दे रहा है। सच में गांव के लोगों के अंदर देश प्रेम की भावनाएं बहुत प्रबल है। शुक्रवार को अभियान के तहत विभिन्न गांवों में नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स ने अभियान को गति प्रदान करते हुए घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की और आमजन को अभियान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान ग्राम पंचायत डाचर, साम्भली, गोंदर, कुताना, सुल्तानपुर, नागल, कलामपुरा, पबाना हसनपुर, पिंगली, मंजूरा, मुनक, बजीदा जट्टान, जडौली, शेरगढ़ खालसा, नठौरी, गुल्लरपुर, सालवन, बोहला खालसा, डाबरथला और हेमदा सहित कई अन्य गांवों में अभियान चलाकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस दौरान गांवों में कलश यात्रा भी निकाली गयी। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने कहा कि हमारी मिट्टी शहीदों और वीरों की गाथाओं से भरी हुई है। न जाने कितने ही वीरों ने बिना किसी स्वार्थ के इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दी है।

## विशेष मुहिमः सड़कों व बाजारों से हटेगा अतिक्रमण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा के निर्देश पर शहर की व्यस्त सडकों व बाजारों से अतिक्रमण हटाओ की विशेष मुहिम आगामी सोमवार से शुरू की जाएगी। इसके तहत नगर निगम का प्रवर्तन दल शहर की व्यस्त एवं मुख्य सडकों व बाजारों से अतिक्रमण हटाएगा, दुकानो के बाहर रखा सामान जब्त होगा और सम्बंधित दुकानदार पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने को लेकर शहर में करवाई जा रही मुनादी- निगमायुक्त ने बताया कि बाजारों व मुख्य सडकों से



अतिक्रमण हटाने को लेकर शहर में मुनादी करवाई जा रही है। बीते दो-तीन दिनो से यह चल रही है, जो आगामी रविवार तक चलेगी। मुनादी के माध्यम से दुकानदारों को सूचना दी जा रही है कि वह अपने सामान को दुकान की हद तक रखे, इससे आगे न बढ़े। इसके साथ-साथ बाजारों में आने वाले ग्राहकों को भी सूचित किया जा रहा है कि वह अपने वाहन को सडक के बजाए पार्किंग क्षेत्र में ही खड़ा करें, अन्यथा उनका भी चालान किया जाएगा। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए नागरिक नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि शहर के कर्ण गेट, कुंजपुरा रोड, पुराना बस स्टैण्ड रोड, मुगल कैनाल व रेलवे रोड़ क्षेत्र में मुनादी करवाई जा चुकी है। अन्य बाजारों में भी मुनादी करवाई जाएगी।

निगमायुक्त ने बताया कि बाजारों में लोगों का आवागमन ज्यादा रहता है और ग्राहकों की भीड़ से चहल-पहल बनी रहती है। ऐसे में दुकानदार अपनी हद से आगे सामान रखकर बेचते हैं। दूसरी ओर दुकानो के आगे सडक पर सामान रखकर बेचने वालों की तादाद भी बढ़ गई है। नतीजतन बाजारों की सडकें संकरी हो जाती है, जिससे आने-जाने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## प्रतिबंधित हरित पट्टी में स्थित अनाधिकृत ढ़ाबा को किया सील

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला नगर** योजनाकार ओमप्रकाश ने शुक्रवार को नीलोखेड़ी के गांव समानाबाहू में जीटी रोड की 60 मीटर चौड़ी प्रतिबन्धित हरित पट्टी में स्थित एक अनाधिकृत ढ़ाबा को सील कर दिया है। सीलिंग की कार्यवाही डयूटी मैजिस्ट्रेट व पुलिस बल की अगुवाई में की गई। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार मौके पर खुद उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध निर्माण ना करें अन्यथा कार्यालय द्वारा कार्यवाही को मध्यनजर रखते हुए अवैध निमार्णों के विरुद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त, डयूटी मजिस्ट्रेट व थाना बुटाना की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार, करनाल की लगातार कार्यवाही से यह बिल्कुल साफ हो गया है कि करनाल जिले में अवैध कालोनीयों एवं निर्माण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी व कार्यवाही जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त, जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध निर्माण इत्यादि न करें। सरकार से सी.एल.यू. इत्यादि लेकर ही निर्माण करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## योग स्वस्थ रहने का सशक्त माध्यम : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर पार्क एनक्लेव, सेक्टर तेरह योग कक्षा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में इस दिवस को विशेष रूप से मनाया गया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि वर्ल्ड हार्ट डे का उद्देश्य लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने संबंधित जागरूकता पैदा करना है और हृदय संबंधी बीमारियों के उपचार और रोकथाम के लिए प्रेरित करना है, जिससे कि एक स्वस्थ शांतिपूर्ण और लंबा जीवन व्यतीत किया जा सके और हृदय संबंधित बीमारियां कम से कम हों। योग शिक्षिका निधि गुप्ता ने भी वहां मौजूद साधकों को दिल की बीमारी के लक्षण, रोकथाम के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि आज आधुनिक जीवन शैली, गलत खान–पान



और कई तरह की छोटी–छोटी बीमारियां मधुमेह, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदयाघात की समस्या बढ़ती जा रही है। इसके अतिरिक्त लगातार तनाव में रहना भी हार्ट अटैक का प्रमुख कारण है। इसके लिए हर व्यक्ति को नियमित रूप से हार्ट चेकअप के लिए जाना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां या हृदयाघात ना सहन करना पड़े। उन्होंने कक्षा में हर व्यक्ति को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया और बताया कि योग स्वस्थ रहने का सशक्त माध्यम है, जिससे किसी भी तरह की बीमारी से बचा जा सकता है। नियमित योग करने वाला व्यक्ति एक स्वस्थ और दीर्घायु जीवन व्यतीत करता है। योग के अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार की क्रियाएं आसान और प्राणायाम के अभ्यास से हृदय गति में सुधार ब्लड प्रेशर में संतुलन और हार्ट फेल्योर के मरीजों में सकारात्मक सुधार हो सकते हैं। भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी और शीतकारी प्राणायाम से हार्ट ब्लॉकेज की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इस अवसर पर मिशन की योग शिक्षिका निधि गुप्ता, अनुज जैन, रिंकी जैन, पार्क एसोसिएशन के प्रधान सुखमिंदर मनोचा, सचिव राजेश ग्रोवर, नीरज खुराना, प्रमोद गुप्ता, रूपम चौधरी, शैलेंद्र नंदवानी, आशु नंदवानी, विजय आनंद, शशि पांधी, पंकज अनेजा, सुदीप दीवान, पारस आनंद, महिला विंग की अध्यक्षा सुजाता पांधी, सचिव कविता चौधरी, पूनम वाधवा, रितु वाधवा, कविता भारती, दीपिका खुराना, सुनीता आनंद, सुनंदा दीवान, रजनी मनोचा, श्रुति गर्ग और सुषमा गुलाटी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 15 नवंबर के बाद शुरू होगा नहर, रजवाहों का सफाई कार्य

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
15 नवंबर के बाद नहर, रजवाहों का सफाई कार्य षुरू होगा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, उद्यान, सिंचाई, गन्ना, मत्स्य, लघु सिंचाई, सहकारिता, दुग्ध एवं पशुपालन विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में किसानों व किसान संगठनों के साथ वार्ता व समन्वय स्थापित करते रहे तथा उनकी समस्याओं का समाधान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नहरों की सफाई, टेल तक सफाई तथा विभिन्न नालों की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई के कार्य को नहर के सूखने के बाद शीघ्र कराएं, जिस पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 15 नवंबर के बाद सफाई के कार्य को कराया जायेगा। कृषि विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि पराली प्रबंधन के संबंध में पूर्व ही कार्ययोजना बनाकर कार्यों को चालू कराया जाए, पराली के संबंध में गौशाला संचालकों से वार्ता कर ले, पराली की बैठक एसडीएम, बीडीओ व पंचायत सचिवों के साथ करना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने लैंड सीडिंग के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को बैंकों के साथ बैठक कर किसानों की विभिन्न समस्याओं के निदान करने के निर्देश दिए। किसान सम्मान निधि के संबंध में सभी परेशानियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों को अधिकाधिक गौशालाओं ने भिजवाने के निर्देश दिए। पराली प्रबंधन के समय चारा को गौशालाओं में पहुंचाए तथा ग्राम समाज का सहयोग लेते हुए कार्यों को सफल बनाएं। लैंड पूलिंग के कार्य करें। जनपद के विभिन्न एनजीओ व समाज सेवियों को गौशालाओं से जोड़े तथा गौशाला संचालित करने में उनका सहयोग ले एवं उन्हे प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने नई गौशालाओं को शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्हें हर न्याय पंचायत स्तर पर गौशाला बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शत प्रतिशत गौवंशों का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पशुपालन करने वाले लोगों को समय भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गौवंशों का शत प्रतिशत इयर टैगिंग करने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी तालाबों का पट्टा आवंटन कराना सुनिश्चित करें। उद्यान विभाग को अपनी विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। दुग्ध के संबंध में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने डेयरी इंडस्ट्री को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विपिन गर्ग, अधिशासी अभियंता सिंचाई बचन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एक करोड़ 60 लाख की लागत से कोसी में बनेगी कान्हा गोशाला

**-गोशाला बनाने के लिए जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सड़कों पर घूम रहे गोवंशों से छुटकारा दिलाने के लिए अब शासन ने नगर में कान्हा गोशाला बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए नगर पालिका परिषद ने कान्हा गोशाला बनाने के लिए जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एक करोड़ 60 लाख रुपये एक कान्हा गोशाला पर खर्च किए जाएंगे।शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। अनेकों हादसों का कारण बनने और फसलों को नुकसान पहुचा रहे गोवंशों को ग्रामीण गोशाला में भिजवाने की मांग कर रहे है। अब शासन ने नगर पालिका क्षेत्र में कान्हा गोशाला बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक एकड में कान्हा गोशाला बनाई जाएगी और इसके लिए जमीन चिह्नित करने के आदेश दिए है। एक कान्हा गोशाला के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपये का बजट दिया जाएगा। एक गोशाला में करीब 400 गोवंश रखे जाएंगे। नगर में कान्हा गोशाला बनने से सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को संरक्षित किया जा सकेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह ने बताया कि कान्हा गोशाला के लिए जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई की जा रही है।

# मथुरा में रंगी हुई हरी मटर में मिला खतरनाक कैंसर कारक टेट्राजीन

**- हरी मटर, नमकीन पैक्ड एवं खुली ब्राण्डेड और नान ब्राण्डिड को प्रतिबंधित किया गया है**

**प्रतिबंध**

**8 -जांच में हानिकारक रंग पाये जाने के कारण लगाया गया है प्रतिबंध**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बाजार में बिकने वाली हरी मटर में खतरनाक टेट्राजीन कैंसर कारक रसायन मिला है। इसके बाद मथुरा जनपद में हरी मटर, नमकीन वाली सफल मटर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगा। सफल मटर में हानिकारक रंग पाए जाने पर यह कार्यवाही की गई है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा डा. गौरी शंकर की ओर से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विगत माह में जनपद मथुरा से विभागयी टीम द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान संग्रहित किए गये हरी मटर नमकीन (पैक्ड 420 ब्रांड व



खुली) के नमूने जांच उपरांत खाद्य विश्लेषक, राजकीय खाद्य प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ व केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला कोलकाता की जांच रिपोर्ट में प्रतिबंधित रंग ( टेट्राजीन रसायन) पाये जाने के कारण मानव उपभोग (कैंसर कारक व तंत्रिका तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालने) के लिए असुरक्षित एवं हानिकारक घोषित किये गये हैं। डा. गौरी शंकर के मुताबिक इन प्रयोगशालाओं से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अध्ययन के बाद आम जन के लिए स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जनहित खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 36 (3) (बी) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए अग्रिम आदेश तक सम्पूर्ण जनपद में हरी मटर, नमकीन पैक्ड एवं खुली ब्राण्डेड और नान ब्राण्डिड के विनिर्माण और भंडारण एवं विक्रय को प्रतिबंधित कर दिया गया है। समस्त खाद्य कारोबारियों, विनिमार्ताओं को निर्देशित किया गया है कि इन उत्पादों का किसी भी तरह से निर्माण और क्रय विक्रय न किया जाए।

## पुलिस ने 10 लाख रुपये, दो मोबाइल लौटाये

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना नौहझील पुलिस द्वारा दुर्घटना में गुम हुए प्रापर्टी डीलर के रुपयों व मोबाइलों को ढूंढ़कर वापस करने में ईमानदारी की मिशाल पेश की है।जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। गांव बाघर्रा निवासी प्रापर्टी डीलर मनोज पुत्र खुशाल सिंह अपनी कार से जेवर से प्लाट की डील कर वापस अपने घर आ रहा था।
तभी अचानक मथुरा रोड़ स्थित हौद पोखर के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से टकरा गई। जिससे कार क्षतिग्रस्त व खंबा टूट गया। सूचना पर यमुना पुल चौकी प्रभारी आदेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये और मनोज को सकुशल बाहर निकाला। मनोज ने बताया कि गाड़ी में दस लाख रुपए व दो टच मोबाइल थे जो नहीं मिले हैं। पुलिस टीम द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद दस लाख रुपए व दोनों मोबाइल बरामद कर मनोज को सौंप दिये गये। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आदेश कुमार,हैड कांस्टेबल बलराम,शुशील, कांस्टेबल यशवीर मलिक, गौतम सिंह व पीआरडी श्री निवास शामिल रहे। पुलिस की इस ईमानदारी पर क्षेत्र के लोगों ग्राम प्रधान नौहझील प्रशांत गुप्ता, सरपंच राजू गुप्ता,मनीष जिंदल,रवि अग्रवाल, उमाकांत कटारा, हुकम पुरोहित आदि ने खुशी जाहिर की है।

## स्किल डेवलपमेंट के लिए चयनित किए जाएंगे युवा

**-योजना बनाते समय जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखें: डीएम**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्किल डेवलपमेंट के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने भौगोलिक स्थिति के अनुरूप योजना बनाए जाने के साथ ही युवाओं को विशेषकर लाभ देने के निर्देश दिए। स्किल डेवलपमेंट के तहत ऐसे विभागों को चिह्नित किया जाए, जिससे युवा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने प्रभावी व योजनाबद्ध बिंदुओं को शामिल करते हुए प्रगति मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी योजनाएं बनाएं, जिससे युवाओं को लाभ मिले, साथ ही योजना बनाते समय जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखें। कौशल विकास योजना को स्पष्ट खाका तैयार किए जाने पर जोर दिया। सभी प्रशिक्षण केंद्र जनपद में स्थापित उद्योगों के अंतर्गत युवक व युवतियों को प्रशिक्षण दें, जिससे जनपद में ही रोजगार उपलब्ध कराएं जा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप रोजगार सर्जन कराने में जिला प्रशासन उद्योगपतियों के साथ अहम भूमिका निभा सके। सभी प्रशिक्षण केंद्र बच्चों की अटेंडेंस, पंजीकरण तथा सेवा योजन कार्यालय में पंजीकरण कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा सहित सभी प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालक मौजूद रहे।

## दो तहसीलों पर तैनात होंगे सुलह अधिकारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश माता पिता और वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली के अनुसार जनपद मथुरा में तहसील महावन व गोवर्धन पर एक एक सुलह अधिकारी की तैनाती की जाएगी। कार्यकाल नियुक्ति तिथि से तीन वर्षों के लिए होगा। अभ्यर्थी किसी ऐसे संगठन से जुडा हो जो वरिष्ठ नागरिकों तथा या कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए या शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, महिला, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास या संबंधित क्षेत्रों में निष्कलंक सेवा अभिलेख सहित कम से कम दो वर्ष से कार्य कर रहा हो। वह संगठन का वरिष्ठ अधिकारी हो और उसे विधि की अच्छी जानकारी हो।

## बनेगा अंबेडकर उत्सव भवन की तैयारियां शुरू

**-ग्राम पंचायत की जमीन को कराया खाली**
**-करीब तीस लाख रुपए की लागत से होगा कार्य**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्र के गांव मरहला मुक्खा में ग्राम पंचायत की जमीन को एसडीएम द्वारा गठित की गई टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। जिस पर अंबेडकर उत्सव भवन बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। जल्द ही यहां के निवासियों को यह देखने को मिलेगा। ग्राम पंचायत देदना बांगर की प्रधान अनोखी देवी ने बताया कि पंचायत के गांव मुक्खा मरहला में ग्राम पंचायत की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था।जिसे एसडीएम प्रीती जैन के



आदेश पर गठित की गई टीम नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा, कानून गो प्रताप सिंह, पटवारी बेचेन सिंह,सचिव दिनेश कुमार व प्रधान अनोखी देवी ने पुलिस फोर्स व जेसीबी की मदद से खाली करा कब्जा मुक्त किया गया है। ग्राम प्रधान अनोखी देवी ने बताया कि समाज कल्याण निधि से करीब तीस लाख रुपये की लागत से यहां अंबेडकर उत्सव भवन बनाया जायेगा।जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही ग्रामीणों को यहां शानदार अंबेडकर उत्सव भवन देखने को मिलेगा। जिससे सभी को सहूलियत भी मिलेगी।

# गणपति बप्पा मोरया: गणेश विसर्जन पर बरसा रंग गुलाल

**विसर्जन**

**8 अनंत चर्तुदशी पर गणेशजी की विशाल प्रतिमा का विसर्जन यमुना नदी में कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केएम विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अनंत चर्तुदशी की देर सायं अबीर गुलाल की बौछारों के बीच गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के उद्घोषों के साथ आराध्य श्री गणपति जी को शानदार अंदाज में विदा किया। इस दौरान केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा.



डीडी गुप्ता, कुलसचिव पूरन सिंह, मेडिकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता के अलावा पीजी डाक्टर व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी की सायं केएम विश्वविद्यालय में भगवान गणेशजी की प्रतिमा को विराजमान किया गया था। दस दिवसीय गणेश महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं ने किया। कार्यक्रमों में ब्लड डोनेशन कैम्प, गरबा नाईट, गैदरिंग, महाप्रसाद आदि का आयोजन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। गणेश महोत्सव के आखिरी दिन की षाम गणेश विसर्जन कार्यक्रम में केएम विश्वविद्यालय में बैंडबाजों, नाच गानों के बीच शानदार विदाई का आयोजन किया गया। विसर्जन के दौरान पूरे जोश के साथ छात्र छात्राएं भारतीय संस्कृति एवं परिधान पहने विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। अनंत चर्तुदशी पर गणेशजी की विशाल प्रतिमा का विसर्जन यमुना नदी में कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया। विसर्जन के दौरान तीन दर्जन से अधिक छात्र छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान छात्रों ने गणेश भगवान की प्रतिमा के साथ सेल्फी ली। विश्वविद्यालय के स्टाफ में दीपक, प्रतीक अग्रवाल, अनिल चतुर्वेदी, राहुल, रनवीर देवेन्द्र आदि का महोत्सव में विशेष सहयोग रहा। छात्रों में आशीष पांडे, अमन पांडे, सुमित पाटिल, बालाजी, देवेन्द्र चौधरी, निकित पटेल के साथ साथ दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## केशव धाम में 4 अक्टूबर की शाम रहेगी कवियों के नाम

**-केशव धाम वृंदावन में होगा भव्य कवि सम्मेलन, जाने माने कवि करेंगे शिरकत**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चार अक्टूबर को कान्हा की नगरी की शाम कविताओं के नाम होगी। इसमें देश के जाने माने दर्जनों कवि एवं कवियत्रियां श्रोताओं को हंसाने और गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम संयोजक कवि अतुल चौहान ने बताया कि गौसेवा एवं मानव सेवा को समर्पित लाडली जू फाउंडेशन के बैनर तले केशव धाम में चार अक्टूबर को सांय छह बजे से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवि कवियत्रियां प्रतिभाग करके श्रोताओं को सराबोर करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के स्वतंत्र निदेशक एंड चेयरमैन भारत के दिनेश दुबे, विशिष्ट अतिथि जनपद के एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के हाथरस जिला संयोजक जयपाल सिंह चौहान रहेंगे। कवियों में प्रमुख रुप से मुंबई से चंदन राय, जयपुर से अशोक चारण, इटावा से गौरव चौहान, भोपाल से प्रतीक चौहान, शिवपुरी एमपी से मनु वैशाली, हाथरस से गीता गीत सहित कई अन्य जाने माने कवि एवं कवियत्रियां प्रतिभाग करके श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करेंगी। कार्यक्रम आयोजन में ठाकुर आशीष सिंह गौर, शैलेन्द्र तिवारी, सचिन नौहवार, विकास यादव, लक्ष्मी नारायण निषाद, ठाकुर जितेन्द्र सिंह, ठाकुर जीतू राघव, ठाकुर राम राघव, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह,वंशीधर मोटवानी, कौस्तुभ देशपांडे, अमरेश पुंडीर सहित अन्य लोग भूमिका निभा रहे हैं। प्रमुख आयोजक एवं लाडली जी फाउंडेशन के डायरेक्टर कवि अतुल चौहान ने कविता प्रेमियों से समय से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।

## हड़ताल पर रहे लाइनमैन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली विभाग के नकचढ़े अधिकारियों से उपभोक्ता ही नहीं खुद उनके अधीनस्थ भी परेशान हैं। बिजली उपभोक्ताओं की तो खैर कोई सुनने वाला नहीं है, लेकिन संविदा कर्मचारी अपना विरोध जताने के लिए एक जुट हुए हैं। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के व्यवहार से नाराज हुए मांट क्षेत्र के बिजली विभाग के संविदा कर्मी हड़ताल पर चले गये। संविदा कर्मी ओमप्रकाश, अशोक, भगवान सिंह, बसंत, मुकेष, जगमोहन, रमेश चन्द्र आदि ने अधिकारी के व्यवहार पर रोष प्रकट किया है। संविदाकर्मी लाइनमैन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अधीक्षण अभियंता ग्रामीण से मिलने मथुरा आया था। इनका आरोप है कि अधीक्षण अभियंता ने संविदा कर्मियों से ठीक व्यवहार नहीं किया। इससे नाराज संविदा कर्मियों ने गुरुवार को हड़ताल कर दी। मांट के विद्युत सब स्टेषन पर हंगामा किया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

## डीएम शैलेंद्र कुमार ने सौ सैय्या अस्पताल का निरीक्षण

**निर्देश**

**8 डीएम शैलेंद्र कुमार ने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि सभी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करे**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने वृंदावन स्थित सौ सैय्या अस्पताल का निरीक्षण किया और एनआरसी कक्ष में कुपोषित बच्चों की जानकारी ली तथा गुणवत्ता युक्त खाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से



वार्ता की, उनकी तबीयत की जानकारी प्राप्त की, उनसे अस्पतालों में प्राप्त सुविधाओं के संबंध में पूछा तथा डॉक्टरों को निर्देश दिए कि सभी को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करे।
श्री सिंह ने अस्पताल में मरीजों के परिजनों हेतु बैठने के लिए बेंच, पेयजल व शौचालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में तथा आस पास के परिसर में उत्तम साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने मरीजों को दिए जाने वाले खाने की क्वालिटी को चेक किया तथा पौष्टिक आहार को निरंतर मेंटेन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में बने एनआरसी कक्ष में कुपोषित बच्चों की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी बच्चों का ध्यान रखा जाए, समय समय पर दवाएं तथा आहार दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों पर हमे व्यतिगत रूप से ध्यान देना पड़ेगा जिससे उनकी समस्याओं का निदान हो सके तथा उनके अभिभावकों को सही पौष्टिक आहार हेतु जागरूक करना होगा।

# बरसाना दंगल में बराबरी पर छूटी आखिरी कुश्ती

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री राधारानी की छठी उत्सव पर बरसाना में दंगल का आयोजन हुआ। बाबा वृषभानु ब्रज के राजा थे, और उनके यहां एक दिव्य कन्या उत्पन्न हुई। जिसका नाम राधा था। बाबा वृषभानु ने उस दिव्य कन्या का बडा भारी उत्सव मनाया था। और जन्म के ही दिन छठी पूजन के आयोजन पर विशाल कुश्ती प्रतियोगिता की घोषणा कर दी गयी थी। अनादिकाल से मल्लयुद्ध प्रसिद्ध रहा है। और उस समय मल्लयुद्ध सबसे बडा आयोजन माना जाता था। बडे बडे राजाओं के मल्ल इस प्रतियोगिता में भाग लेते थे।



उचित इनाम की घोषणा भी होती थी। वहीं परंपरा आज भी बाबा वृषभानु के नगर बरसाना में देखने को मिलती है। 28 सितंबर गुरुवार को मटकी फोर लीला होने के बाद बरसाना में विशाल दंगल का आयोजन हुआ। बडी संख्या में मटकी लीला देखने के बाद लोग दंगल देखने को लालायित हो दंगल की ओर चल देते है। महिला पहलवान पुरुष पहलवान से कुश्ती लड़ी, मुकावला बडा रोमांचक रहा। इस दंगल में बडे बडे पहलवान राज्य और राष्ट्रीय स्थर के भाग लेते हैं। दंगल की व्यवस्था बरसाना समाज के लोगों द्वारा व बरसना नगर पंचायत के माध्यम से की जाती हैं। कहा जाता है कि दंगल को देखने के लिए उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्य हरियाणा और राजस्थान से दर्शक बड़ी संख्या में दिखाई देते हैं। इस विशाल दंगल में वैसे तो सैकडों कुश्ति 500 रुपये से लेकर 31 हजार रुपये तक की होती है। लोगों का इन कुश्तियां को देख मनोरंजन और उत्साह पल पल बढ़ता है। लेकिन जैसे ही 50 हजार से ऊपर कुश्तियां होने लगती है तो दर्शक अपनी सांसे थाम कर बैठ जाते हैं। अंतिम कुस्ती का नजारा देखने के लिए लोग पुरा ध्यान कुस्ती पर ही लगा देते है। इस बार अन्तिम कुस्ती विक्रम पहलवान जानू वाले और चन्दू गोवर्धन वाले के बीच बडी रोमांचक व काटे की हुई। अंतिम कुस्ती बराबरी पर छूटी लम्बे समय तक चली कुस्ती में दोनों पहलवानों का मुकाबला बराबर रहा। जिसमें दोनों पहलवानों को सम्मान के तौर पर 30, 30 हजार रुपये की धनराशि दी गई। जबकि फाइनल कुस्ती एक लाख 61 हजार रुपये और चांदी का बुर्ज की कुस्ती रखी गयी थी।

## पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली में निकलेगी शंखनाद महारैली, जुटेंगे शिक्षक-कर्मचारी

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
कछवां कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को अटेवा, एनएमओपीएस की बैठक हुई।
इसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चर्चा हुई। पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी एक अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले पेंशन शंखनाद महारैली की सफलता के लिए जनपद से करीब दो हजार शिक्षक कर्मचारी प्रतिभाग करने की संभावना है। अटेवा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि गत एक माह से संगठन के सभी पदाधिकारी रात-दिन एक कर रैली




की सफलता के लिए लगातार शिक्षकों व कर्मचारियों के संपर्क में हैं।
उन्होंने बताया कि कुछ शिक्षक व कर्मचारी तो सपरिवार दिल्ली धरने में जा रहे हैं। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के नेतृत्व में दिल्ली रामलीला मैदान में लगभग 10 लाख पेंशन विहीन शिक्षकों व कर्मचारियों का जमघट लगेगा।

# एसडी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में गृह विज्ञान विभाग, एन.सी.सी. संकाय एवम नयूट्रीशन एंड नेचुरल हेल्थ साइंस एसोसिएशन के सहयोग द्वारा पोषण माह के इस सप्ताह में भोजन की हानि और कचरे के नीचे बर्बादी पर अंतरराष्ट्रीय जागरुकता के बारे में कॉलेज के सभी विद्याथीयों के लिए कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें रिसोर्स परसन के रूप में प्राची, आहार विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रही।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थ के बारे में जानकारी दी गई। सभी विद्यार्थियों को बताया गया कि आज कल भोजन की अधिक बबार्दी हो रही है जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भोजन की बबार्दी को रोकने के लिए हमें मौसमी फलों व सब्जियों का ही सेवन करना चाहिए ताकि बाजारों में उनकी बिक्री मौसम के अनुसार हो ना की लम्बे समय तक ये सड़ गल जाए। ऐसा करने से भोजन की दुर्गति नहीं होगी और साथ ही हमें ध्यान रखना चाहिए जो आहार हम ले रहे हैं वह किस प्रकार का है या उसकी समाप्ति तिथि कब तक सीमित है।

इस अवसर पर कॉलेज जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवीन गुलाटी जी ने भी बच्चों को प्रेरित किया कि हमें अधिक से अधिक खाद्य पदार्थो का ही सेवन करना चाहिए व भोजन की होने वाली बबार्दी को रोकने के लिए भोजन को उतना ही बनाएं जिससे कि वह व्यर्थ ना जाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढाया तथा भविष्य में इसी तरह भोजन की बबार्दी को रोकने के लिए जागरुक किया। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. याशना बावा ने बताया गया कि जिन वस्तुओं का सेवन हम करते हैं वे किस प्रकार से उपजाई जाती हैं और उनका हमारे खान-पान पर कितना प्रभाव पड़ता है। घरों मे बची हुई सब्जियों व अन्य भोजन को किस प्रकार इस्तेमाल करना चाहिए जिससे भोजन की बबार्दी न हो। कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. सतबीर सिंह ने भी छात्राओं को भोजन के महत्व के बारे में बताया कि गरीब व्यक्ति भोजन की महत्ता को अधिक समझता है क्योंकि आज कल मेहंगाई बढ़ रही हैं और हम भोजन को व्यर्थ करते जा रहे हैं। हमें भोजन को व्यर्थ होने से रोकना चाहिए व खुद पर सबसे पहले अमल करना चाहिए ताकि भविष्य में हमे भूखमरी का सामना न करना पड़े। गृह विज्ञान की डॉ. रिचा सागवान व प्रो. अनवेषा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में एन.सी.सी कैडेट्स लगभग 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और साथ ही जागरूकता रैली का भी आयोजन करवाया गया।

**जागरूक**

8 भोजन की हानि और कचरे के नीचे बर्बादी पर अंतरराष्ट्रीय जागरुकता के बारे में कॉलेज के सभी छात्रों को जागरूक किया

# ट्रेनों के बाद किसानों ने अंबाला में दिल्ली- चंडीगढ़ हाईवे किया जाम





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला में भी चंडीगढ दिल्ली, व अमृतसर दिल्ली हाईवे को भी जाम किया। जिसके चलते हजारों वाहनों की कतारे लग गई और आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पंजाब में किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालडू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। जिसके बाद किसान भड़क उठे हैं। पंजाब में बीते कल से 19 किसान-मजदूर संगठनों का मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं।19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इसमें मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल व डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर व डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बसती टैंकां वाली व मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुरा फूल, अमृतसर के देवीदासपुरा व मजीठा, फाजिल्का, मलेरकोटला के अहमदगढ़ में यह प्रदर्शन 30 सितंबर तक जारी रहेगा। किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों की न तो अभी तक गिरदावरी हुई है और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है। किसान संगठनों का कहना है कि कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा किसानों को दिया जाए। साथ ही केंद्र सरकार भी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए 50 हजार करोड़ रुपए पंजाब को दे।

**निशाना बनाया**

8 जिसके बाद किसान भड़क उठे हैं। पंजाब में बीते कल से 19 किसान-मजदूर संगठनों का मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन जारी है

## न्यूज फ्लैश

### रोहतक में जलवा दिखाएंगे अंबाला के स्केटर्स

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नीदरलैंड पैटर्न पर हरियाणा में पहली बार हो रही ऑफ आइस स्केटिंग की ओपन चैंपियनशिप में अंबाला के दो दर्जन से अधिक स्केटर्स अपना जलवा दिखाएंगे। इसके लिए अम्बाला जिले की टीम आइस स्केटिंग टीम का चयन रविवार को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अम्बाला आइस स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव कोच शम्मी राजपूत ने बताया कि इस ट्रायल में अव्वल रहने वाले पहले पांच-पांच स्केटर्स को अपने-अपने आयु वर्ग में प्रदेश स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। जिला सचिव शम्मी राजपूत के अनुसार स्पीड स्केटिंग के इस ईवेंट में अन्डर-6, 6 से 8, 8 से 10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व 19 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स हिस्सा लेंगे। उनके अनुसार इस ट्रायल में जिले के स्केटर्स/आइस स्केटर्स का डाटा तैयार करने से लेकर खिलाडियों को आइस ट्रफ पर ट्रेनिंग दिलवाने, अधिकसे अधिक ट्रेनिंग कम्पों का आयोजन करने, स्केटिंग/आइस स्केटिंग कोच को बेहत्तर ट्रेनिंग दिलवाने, देश व हरियाणा प्रदेश में ओलम्पिकखेल आईस स्केटिंग ईवेंट को ओर अधिक लोकप्रीय बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। अम्बाला आइस स्केटिंग के सचिव शम्मी राजपूत के अनुसार जिला स्तरीय टीम के चयन के लिए होने वाली ट्रायल में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को अपने आधार कार्ड व एक फोटो जमा करवाना अनिवार्य होगा। उनके अनुसार इस स्टेट चैम्पियनशिप में जिला एसोसिएशन, खेल एकेडमी, या स्कूल स्तर की टीम ओपन रूप से भी हिस्सा ले सकती है। कोच शम्मी राजपूत के अनुसार वर्ष 2026 में होने वाले विंटर ओलंपिक में हरियाणा की भागीदारी तय करने के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन नीदरलैंड पैटर्न पर अधिक से अधिक खेल इवेंट का आयोजन करवा रही है। जिससे कि सामान्य ग्राउंड से तैयार हुए बेहतरीन खिलाड़ियों को नेशनल एवं इंटरनेशनल इवेंट के लिए आइस ग्राउंड में अधिक से अधिक तैयारी करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन इस बार पहले की तुलना में तीन गुणा अधिक खिलाड़ियों को नेशनल ट्रेनिंग कैम्प का हिस्सा दिलवाने की रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली बार हरियाणा के 60 खिलाड़ियों को विशेष ट्रेनिंग दिलाई गई थी। इस बार यह आंकड़ा वो 200 के आस-पास होने का अनुमान है।

### नगर परिषद द्वारा 1 अक्टूबर को होगा श्रमदान दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी नगर परिषद द्वारा 1 अक्तूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कन्टोरमेंट बोर्ड के सीईओ विनित वी लोटे ने बताया कि वार्ड नंबर एक में बी सी आर एच परेड स्कूल आंगनवाडी, तोपखाना बाजार, पटेल पार्क, भगत सिंह मार्केट, गजराज पार्क, हिम्मत पुरा रोड़, सनातन धर्म मंदिर रेलवे कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अंबाला को स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति का कत्वर्य है। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वह सिंगल यूज प्लासटिक का प्रयोग न करें। प्लासटिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि 1 अक्तूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में लोग बढ़चढ़ कर भाग लें।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में भाई ने बहन को न्याय दिलवाने के लिए विज से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** दहजे प्रताड़ना के चलते भाई ने अपनी बहन के ससुराल वालों के खिलाफ गृह मंत्री विज से गुहार लगाई है। अम्बाला शहर के लक्ष्मी नगर जंडली निवासी सूरज ने बताया कि उसकी बहन दिव्या की 28 जनवरी 2017 को बलदेव नगर निवासी रमन के साथ शादी हुई थी। तभी से पति रमन, सास सरोज बाला और ननद मीनू उसकी बहन को प्रताड़ित कर रही हैं। 4 साल के बेटे को भी ससुरालियों ने अपने पास रखा हुआ है। उसकी बहन को मिलने तक नहीं देते। हालांकि इस मामले में पुलिस अब केस दर्ज कर चुकी है।युवक ने बताया कि ससुराल वालों ने डेढ़ साल पहले मारपीट करके उसकी बहन को घर से निकाल दिया था। आरोपियों ने उसकी बहन का बेटा भी अपने पास रख लिया। आरोपियों ने उनको काफी परेशान कर रखा है। पुलिस के पास जाते हैं तो धमकाते हैं। कोई सुनवाई नहीं करता।

# जिला ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार, अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा की ओर से आज भाद्रपद मास की पूर्णिमा के अवसर पर भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाने के पश्चात पंकज डिमरी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आज के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि भाद्रपद पूर्णिमा या भादो पूर्णिमा के दिन के बाद से पितृपक्ष यानी श्राद्ध कर्म शुरू हो जाते हैं। हिंदू धर्म में भाद्रपद पूर्णिमा का विशेष महत्व है क्योंकि इस तिथि का संबंध माता लक्ष्मी से माना जाता है। आज के दिन व्रत, उपवास करने से माता लक्ष्मी की अनंत कृपा प्राप्त होती है और पितरों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। कथा के उपरान्त श्रद्धालुओं को भगवान सत्यनारायण का प्रसाद एवं चरणामृत भी वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधान महेश दत्त वशिष्ठ, सुरिन्द्र शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, अविनाश चन्द्र पुरी, सीमा मेहता आदि समेत भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

**कथा**

8 भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया

# आयुष आपके द्वार आयुष विभाग की एक सहारनीय पहल: पराशर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग के द्वारा गाँव अधोई में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ गाँव अधोई की सरपंच प्रेमलता ने डॉक्टर्स की टीम से रिबिन काटवा कर किया। इस अवसर पर सरपंच प्रेमलता और सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर ने पुष्प मालाओ से आये हुए डॉक्टरों का स्वागत किया। पराशर ने आयुष विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को आयुष पद्धति के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। आयुष पद्धति में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी की स्वास्थ्य देखभाल और उपचार की प्रणालियाँ शामिल हैं। डॉ. मुकेश ने बताया कि इस जाँच शिविर में वात रोग, बुखार, जुकाम, छींकना, दांत का दर्द, चर्म रोग, स्त्री रोग, श्वांस, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सभी प्रकार के रोगों की जांच कर औषधि वितरण किया गया डॉ. रजिता ने स्वास्थ्य संबंधी आयुर्वेदिक घरेलू उपचार और रसोई में प्रयोग होने वाले मसालों से उपचार के नुस्खे भी बताए।

# भाविप ने सरकारी स्कूल में किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा शहर के राजकीय स्कूल नं 6 में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के अध्यापक एवं इंचार्ज इंद्रजीत कुमार भट्ट एवं छात्रा वंशिका को सर्वश्रेष्ठ अध्यापक व सर्वश्रेष्ठ छात्रा चुनते हुए स्मृति प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। शाखा के प्रकल्प प्रमुख मनोज गर्ग व शरद सिंघल ने सभी अध्यापकों व लगभग 100 बच्चों को संबोधित करते हुए परिषद् व इसकी सामाजिक गतिविधियों व इस परंपरा के महत्व बारे बताया। उन्होंने बच्चों से अपने गुरू का तिलक व पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की क्रिया करवाई व सभी को संस्कारित शपथ के तहत जीवन में कभी भी नशा न करने का वचन लिया। शाखा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल व सचिव राकेश मक्कड़ ने बताया कि महर्षि दयानंद शाखा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद के मार्गदर्शन में अभी तक 19 स्कूलों में इस कार्यक्रम का आयोजन कर चुकी है।

## वारदात में शामिल इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सोनीपत: सदर** थाना पुलिस ने गोली मारकर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिफ्तार आरोपित उमेश व सुनील निवासी सलीमसर माजरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपितों पर पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सलीमसर माजरा निवासी सुनील ने 8 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी मौसी के लड़के शमशेर ने गांव में शराब का ठेका ले रखा है। ठेके के पास उसकी दुकान है।

# पक्का करने की मांग को लेकर नप कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी नगर परिषद में अपनी मांगो को लेकर आज भी कर्मचारियों ने धरना प्रर्दशन जारी रखा और सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाए। कर्मचारियो का कहना था कि जबतक सरकार उनके खिलाफ वादाखिलाफी कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह जल्द ही उनकी मांगे माने। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को जो समझौता किया था उसे लागू नहीं किया गया। सरकार को चाहिए कि वह यह समझौता लागू करे अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में कमेटी गठित की गई थी लेकिन अभी तक आगामी कार्यवाही नहीं की गई। प्रदेशभर कर्मचारियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए तथा ठेकेदारी प्रथा डोर टू डोर आदि समाप्त करके विभाग के पे रोल पर किया जाए। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि उनकी हड़ताल कल भी जारी रहेगी। यदि अब भी सरकार नहीं मानी तो बड़ा आंदोलन किया जा सकता है। कर्मचारियो ने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगो पर जल्द विचार नही हुआ तो प्रदर्शन को और अधिक तेज करेगें।

**मांग**

8 कर्मचारियो ने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगो पर जल्द विचार नही हुआ तो प्रदर्शन को और अधिक तेज करेगें

# मरीजों को पीएमओ ने किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला छावनी के नागरिक अस्पताल में ओपीडी ब्लॉक की पहली मंजिल पर विश्व ह्रदय दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पीएमओ डॉक्टर राकेश सहल, एसएमओ डॉक्टर पूजा पेंटल, डॉक्टर मंजू धीमान, डॉक्टर संजीव शर्मा, डॉक्टर संजीव गोयल, डॉक्टर मनोज मंगला, डॉक्टर रविंदर नाथ, डॉक्टर हरमनप्रीत सिंह, एसएनओ बाला शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर रीना, एस. आई जतिन यादव, मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मंच संचालन एसएमओ डॉक्टर पूजा पेंटल ने किया और कार्यक्रम विधिवत रूप से चलाते हुए विश्व ह्रदय दिवस की मरीजो को जानकारी दी की एक अच्छे स्वस्थ के लिए अच्छे ह्रदय का होना बहुत जरूरी है। जिसके लिए प्रत्येक दिन व्यायाम करना चाहिए, शराब -धूम्रपान का सेवन नहीं करना चाहिए, अपने आहार में फलों का सेवन करना चाहिए इसी से हमारा ह्रदय स्वस्थ रहेगा।

पीएमओ डॉक्टर राकेश सहल ने कार्यक्रम ने मरीजो को बताया कि विश्व ह्रदय दिवस एक महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम है, जो हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। ह्रदय रोग और ह्रदय रोगों के प्रबंधन के लिए इसके निवारक उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके यह दिन मनाया जाता है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से किसी भी अन्य जटिलताओं से बचने के लिए लोगों को ह्रदय रोग के संकेत और लक्षणों के बारे में शिक्षित करने और लोगों को ह्रदय संबंधी किसी भी बीमारी को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। डॉक्टर सहल ने बताया कि ह्रदय मानव शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, इसके ठीक तरीके से कार्य न करने पर शरीर मे दिक्कत आ सकती है, इसलिए ह्रदय के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हर किसी के लिए बहुत आवश्यक है।

# एन. एस. एस., एन. सी. सी. और संस्कारशाला क्लब ने विश्व ह्रदय दिवस मनाया

## बेसिक लाइफ सुपोर्ट अवेयरनेस सेशन का हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सिगनस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के साथ मिलकर किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन स्थानीय आई.बी (पी. जी)** महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब बायोलॉजिकल संगठन, एन. एस. एस., एन. सी. सी. और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व ह्रदय दिवस मनाया गया । इस अवसर पर बेसिक लाइफ सुपोर्ट अवेयरनेस सेशन का हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सिगनस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के साथ मिलकर किया गया। इस चेक अप कैंप में स्टाफ बच्चों ने अपनी शरीर के बारे में विभिन्न टेस्ट करवाए जैसे की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि। इस कैंप में डॉक्टर निशांत, मिस्टर विकास और उनकी टीम महाविद्यालय में आए। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने पूरी टीम का तुलसी पौधा और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। डॉक्टर निशांत ने इस कैंप में आए सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को सीपीआर के बारे में बताया उन्होंने यह कहा कि अगर कोई व्यक्ति अचानक से बेहोश हो जाए तो उसको कैसे ठीक किया जा सकता है । सबसे पहले उसे नाम से पुकारे अगर कोई उत्तर ना दे तो उसके सांस चेक करें और उसके बाद उसकी नसें चेक करें। अगर किसी में भी कोई सुधार न हो तो उसे सीपीआर की प्रक्रिया देनी चाहिए।

सबसे पहले उसके ह्रदय पर 30 टाइम्स दोनों हाथों से पंपिंग करना चाहिए और फिर उसे दो बार मुंह में सांस देना चाहिए । यह प्रक्रिया एक बार में 2 मिनट तक दोहरानी चाहिए और दोहराते रहना चाहिए। इस कैंप में लगभग 150 जनों ने हेल्थ चेकअप करवाया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने कहा कि हम सबको आज के समय में हेल्दी डाइट लेनी चाहिए और साथ ही योगा के लिए समय निकालना चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से अपने शरीर को बचाया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ. जोगेश, लेफ्टिनेंट राजेश, प्रोफेसर अश्विनी, प्रोफेसर नीतू मनोचा ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर रंजना शर्मा, डॉ. मोहम्मद इशाक, डॉ. शशि प्रभा, , डॉ. निधान सिंह, डॉ. किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. पूनम मदान, प्रो. अजय पाल सिंह, डॉ. निधि मल्होत्रा, प्रो. खुशबू, प्रो. ईरा गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

8 डॉक्टर निशांत ने इस कैंप में आए सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को सीपीआर के बारे में बताया

# संजय नगरः प्रभु सुमिरन से ही होगा कल्याणः गिरधारी कृष्ण महाराज











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** संजय नगर-महेन्द्रा पार्क के पंचायत घर में श्रीमद् भागवत सेवा समिति संजय नगर-महेन्द्रा पार्क की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा में सुदामा चरित्र का मुख्य रूप से वर्णन किया गया और आज हवन व भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**कथा सुनने से बढ़ता है ज्ञानः** कथा वाचक आचार्य गिरधारी कृष्ण महाराज ने कहा कि जो भक्त ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करता है और प्रभु का गुणगान करता है उसका कल्याण होता है। इसलिए सभी भक्त ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करें और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में अवश्य ही उतारे।

**जल सेवा बाबा अमरनाथ सेवा मंडल ने दीः** कथा के दौरान जल सेवा का कार्य बाबा अमरनाथ सेवा मंडल दिल्ली ब्रांच जहांगीरपुरी की ओर किया गया। आपको बातदें कि बाबा अमरनाथ सेवा मंडल सेवा के कार्यों में हमेशा ही आगे रहता है।

**ये लोग रहें मौजूदः** कथा के दौरान पूर्व निगम प्रत्याशी राजीव बंसल, सुरेश बंसल, दीपक डडवाल, अमित मित्तल, नवीन बागला, मनोज शाह, राम रतन कृष्ण स्वीटस, नितिन गोयल, हरीश ग्रोवर, समाजसेवी नरेश गर्ग मास्टर जी, संजय गोयल, राजीव कौशिक, रमेश अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग, राजीव गर्ग, मदन अरोड़ा, अशोक बंसल, विनय शर्मा, मिस्टर दहिया, मुकेश गर्ग, रोहित अग्रवाल, मदन कुमार, भुवनेश गुप्ता, सुमेर सिंह सैनी, संजय राघव, सुरेन्द्र गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बख्तावरपुर में हिंदू युवा सेवा संघ ने मनाया भगत सिंह का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हिंदू** युवा सेवा संघ द्वारा शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर बख्तावरपुर में रक्तदान शिविर, दातों का फ्री चेकअप व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारियो द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर एवं स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नरेला




विधानसभा अंतर्गत बख्तावरपुर स्थित मूर्ति वाटिका में हिंदू युवा सेवा संघ द्वारा शहीद शहीदे- ए- आजम भगत सिंह जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर, दांतों का फ्री चेकअप व हाई स्कूल में 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले 25 छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय युवाओं, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। वहीं संस्था पदाधिकारी द्वारा हाई स्कूल में 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले 25 छात्रों को सम्मानित किया। और कहा कि माता-पिता बच्चों पर दबाव ने डालें। बच्चे जिस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने चाहते हैं इसके लिए उन्हें स्वतंत्र छोड़ दें। इस दौरान शहीद भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचार, त्याग और देश प्रेम की भावना सदैव देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों ने आजाद भारत के लिए जो सपना देखा था उन सपनों को पूरा करने के लिए युवा कड़ी मेहनत करें। कार्यक्रम में लोकेश गहलोत, कृष्णा दादा, प्रवीण लाकड़ा, वेदपाल मान, सुनीत चौहान, सतपाल सिसोदिया, राजेश चौहान (डिंपल) सुदेश बलयान, मनोज गोयल, संजय मान, सुभाष पंडित सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं: विनोद



**नई दिल्ली।** चाहे जो भी फसल उगा ले तु जल धार बहाता चल। जिसका भी घर चमक उठे तू मुक्त प्रकाश लुटाता चल। अर्थात व्यक्ति जीवन में सफलता के जिस मुकाम पर भी चले जाए, जल की धारा के समान हमेशा ही अपने भाव को शीतल बनाए रखना होगा। खुशी किसी की झोली में दस्तक दे, सबको मिलकर उसे बांटनी होगी। तभी सेवा प्रदाता व सेवक के सम्मान की बात धरातल पर कारगर साबित हो सकती है। ऐसा कहना हैं रानी बाग स्थित श्रीनगर में रहने वाले समाजसेवी व गणपति फोटो स्टूडियो के संचालक विनोद का। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विनोद काफी सालों से समाज सेवा कर रहें हैं। **निःस्वार्थ भाव से करते हैं सांस्कृतिक कार्यक्रमः** वहीं रानी बाग के महेंद्रा पार्क में चल रहें गणेश उत्सव में पिछले छः सालों से लाईटिंग, डेकोरेशन से लेकर फोटोग्राफी व विडियोग्राफी का काम भी निःशुल्क कर रहें हैं। विनोद का मानना है कि जीवन की सर्वोपरि सफलता इसी बात में है कि मनुष्य अपने लिए सम्माननीय स्थिति प्राप्त करे।

# नरेला में धूमधाम से मनाया गया शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में शहीद- ए- आजम भगत सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगत सिंह के जन्मदिवस पर वीरवार को भगत सिंह क्लब पाना पपोसिया द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस दौरान केक काटकर प्रसाद वितरण किया गया।


बाहरी दिल्ली के नरेला में पाना पपोसिया स्थित गैस गोदाम के पास शहीद भगत सिंह क्लब पाना पापोसिया द्वारा भगत सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सब की मौजूदगी में केक काटकर, प्रसाद वितरण कर भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पीतमपुरा ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से ही पीतमपुरा ब्लड बैंक के डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान का कार्य शुरू किया गया। देर शाम तक चले रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी अहम भागीदारी देकर इसे सफल बनाया। रक्तदान शिविर में सभी के लिए जूस और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस मौके पर समाजसेवी पवन खत्री (मोनी) ने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहित भागीदारी रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर गणमान्यो ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया और कहा कि मातृभूमि की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी, बलिदानी भगत सिंह जैसे वीर सपूत देश का गौरव है। भारत की स्वाधीनता और सुनहरे कल के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन बलिदान कर देने वाले अमर बलिदानी भगत सिंह के देशभक्त, साहस व राष्ट्र समर्पण की मिसाल युगों युगों तक देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में गौरव खत्री, भारत खत्री, धीरज खत्री, दिनेश खत्री, सतीश खत्री, आशीष खत्री, मनोज खत्री, विशाल खत्री, सुनील खत्री (काला) लक्ष्मण आर्य, पवन खत्री, अशोक अमरोही, भानु आनंद प्रकाश खत्री, प्रमोद खत्री, सुनील खत्री, अनिल खत्री, विकास खत्री, अशोक खत्री, कुलदीप वर्मा, अनिल वर्मा, गौरव वर्मा, योगेश वर्मा, दिनेश कुमार, श्रीराम खत्री सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रानी बागः हवन के बाद मैत्र्यी गणपति परिवार ने दी बप्पा को नम आंखों से विदाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रानी बाग के महेंद्रा पार्क रामलीला मैदान ग्राउंड में चल रहें गणेशोत्सव का समापन हुआ, तो विर्सजन से पूर्व भक्तों ने नम आंखों के साथ बप्पा को विदाई दी। गणपति विसर्जन के मौके पर महिलाएं और बच्चे भावुक हो गए। क्षेत्रवासियों ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे भी लगाए।

इस मौके पर मैत्र्यी गणपति परिवार महोत्सव के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर लोगों ने घरों, पंडाल और मंदिरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की थी। इस दौरान भक्तों ने भगवान गणेश की सेवा कर उनकी पूजा-अर्चना की। सुबह शाम की आरती में बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया।




घरों, पंडालों और मंदिरों में अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान गणेश को छप्पन भोग लगाया गया। दूध और गंगाजल से अभिषेक किया गया।

**हरिद्वार में किया गया विर्सजनः** दोपहर बाद शोभा यात्रा निकाली गई। डीजे की धुनों पर भक्त जमकर झूमे। भक्तों ने जमकर अबीर गुलाल खेला। पूरा माहौल भगवान गणेश के रंग में रंगा नजर आया। दीपक ने बताया कि दोपहर को फिर बप्पा के मूर्ति विसर्जन को लेकर हरिद्वार के लिए निकल पडें, जहां विशेष आरती के बाद बप्पा की प्रतिमा को गंगा में प्रवाहित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से अगले बरस जल्दी आने की कामना की।

विसर्जन के लिए समिति के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल, अजय मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल, पीयूष रोहिला, जीतू गर्ग, विकास भाटिया, शिव मोहन मिश्रा, वासुदेव मित्तल, राजेन्द्र मंगला, जुगल सूद, सुनील खन्ना, अरुण छाबड़ा, अनिल कुमार सहित सैंकडों श्रद्वालु बप्पा को विदाई देने गए।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक अक्टूबर को एक दिन एक घंटा श्रमदान के लिए निकालें: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के समापन पर रविवार एक अक्टूबर को प्रत्येक व्यक्ति, संगठन, आरडब्ल्यूए, औद्योगिक एसोसिएशन व अन्य सभी जिला वासियों को एक घंटा श्रमदान के लिए अवश्य निकालना है। ]



प्रातः 10 से 11 बजे तक अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़े। उपायुक्त विक्रम सिंह शुक्रवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में जिला के सभी शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए व अन्य संगठनों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि इस दिन राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद से स्वयं इस अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके लिए अब सेक्टर-9 मार्केट को कार्यक्रम स्थल के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर को देशभर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के इस समापन पर तहत जिला में सभी विभागों, संगठनों, ग्राम पंचायतों द्वारा श्रमदान व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान थीम पर नागरिक श्रमदान करें और सभी नागरिक अपने श्रमदान को स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम पोर्टल पर अपडेट भी अवश्य करें। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम का संचालन करने के लिए नगर निगम स्तर पर व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। जिसके अन्तर्गत खण्ड स्तर पर संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यक्रम कॉर्डिनेटर के रूप में संबंधित ग्राम सचिव, जेई पंचायती राज, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच व ग्राम सचिव द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। मीटिंग में डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल व सीटीएम अमित मान, नगर निगम के सयुंक्त आयुक्त गौरव अंतिल, सयुंक्त आयुक्त ओल्ड शिखा अंतिल, सयुंक्त आयुक्त एनआईटी अलका चौधरी, एसीपी मनीष सहगल सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अवैध हथियार सहित आरोपी को पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सूरजकुंड प्रबंधक की टीम पुलिस चौकी अंखीर ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सद्दाम (27) है। आरोपी फरीदाबाद के बडखल गांव का रहने वाला है। पुलिस चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश देशवाल की टीम ने गस्त के दौरान बडखल झील वाले रोड से आरोपी को काबू किया है। आरोपी पुलिस टीम को देख कर भागने लगा था। आरोपी से तलाशी के दौरान एक



देसी कट्टा बरामद किया गया है। ]आरोपी के खिलाफ थाना सूरजकुण्ड में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को दिल्ली वाली मस्जिद वाले रोड बडखल किसी आने जाने वाले अनजान व्यक्ति से वारदातों को अंजाम देने के लिए 1700/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी पर पहले भी चोरी के 3 व अवैध हथियार का 1 मामला दर्ज है। आरोपी वेल्डर का काम करता है। आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदातो को अनजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### औद्योगिक नगरी फरीदाबाद पुन: बनेगी प्रदेश में उद्योगिक और व्यापार के क्षेत्र में प्रदेश नम्बर वन : कृष्ण पाल गुर्जर



**कहा, शहर की कनैक्टीविटी उद्योग और व्यापार में दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति करती है**

**पूर्व की सरकारों में गुंडा टैक्स व्यापारियों से होता था वसूल: मूलचंद शर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा हरियाणा व्यापार मंडल फरीदाबाद द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में पहुंचे। जहां व्यापारियों ने मंत्रियों का जोरदार स्वागत किया। भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि उद्योगिक नगरी फरीदाबाद पुनः प्रदेश में उद्योगिक और व्यापार के क्षेत्र में प्रदेश नम्बर वन बनाने जा रहा है। शहर की कनैक्टीविटी विकास की धुरी होती है।कनैक्टीविटी से ही उद्योग और व्यापार में दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति करती है। अब फरीदाबाद से जयपुर से सिर्फ 2 घंटे में पहुंचा जा सकता है। रणथंभौर का सफर साथ तीन घंटे में पूरा किया जा सकता है। अगले 6 महीने में एक नया हाईवे रोड शुरू हो जाएगा जिससे मेरठ एक घंटा और गाजियाबाद 40 मिनट में फरीदाबाद से पहुंचा जा सकेगा और यह आने वाले समय में देहरादून से जोड़ी जाएगा। ताकि फरीदाबाद से देहरादून का सफर मात्र तीन घंटे में पूरा किया जा सके। इस तरह दिल्ली वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे से जेवर एयरपोर्ट के लिए नए रोड का कार्य शुरू हो चूका है। जिससे आप मात्र आधे घंटे में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सके। बड़खल चौक से जो सड़क अम्मा हॉस्पिटल जा रही है। वही सड़क आगे नोएडा और गाजियाबाद तक जोड़ी जाएगी। ताकि नेट और गाजियाबाद 20 मिनट में पहुंचा जा सके। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले 09 सालों में एक चाय बेचने वाले गरीब ने वो काम कर दिखाया है। जो काम चांदी की थाली में, कटोरी में खाने वाला नहीं कर सका। जरूरी नहीं प्रधानमंत्री कोई खानदानी नेता हो या बड़े घर में से बनने वाला ही देश की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं। एक चाय बेचने वाला भी पूरी दुनिया में भारत के गौरव को बढ़ा सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया है। जिसे यह सारा देश और दुनिया देख रही है। जब अमेरिका का राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी जी से उनके ऑटोग्राफ माँगा है। ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रपति कहता है मोदी बॉस और दुनिया के इतिहास में हमने यह पल आज तक नहीं देखा कि किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री के पैरों को हाथ लगाया हो। इटली की प्रधानमंत्री कहती है मोदी से ज्यादा लोकप्रिय नेता कोई नहीं तो यह सब सुनकर हम देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।

परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा पूर्व की सरकारों में गुंडा टैक्स व्यापारियों से वसूला जाता था,लेकिन जब से प्रदेश की बागडोर श्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बन कर संभाली है तब से व्यापारी ने चैन की सांस ली है। उन्होंने कहा व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्होंने हमेशा अधिकारियों से बात की। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की वे स्वयं एक व्यापारी भी है और विधायक बनने से पहले उन्होंने व्यापारियों की मांगों को लेकर गिरफ्तारियां भी दी थी। लेकिन आज व्यापारियों की समस्याओं को प्रदेश की भाजपा सरकार ने सुना और उनका समाधान करने का काम किया है।

व्यापारी सम्मलेन में ये रहे मौजूदः-

इस मौके पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री गोपाल शर्मा, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय गुप्ता और फरीदाबाद से व्यापार मंडल के प्रधान श्री राम जुनेजा सहित हरियाणा व्यापार मंडल फरीदाबाद की सभी शाखाओं के प्रधान भी मौजूद रहे।

# नहर में बह कर आ रही जहरीली शराब, लोग लगा रहे छलांग

**जींद**

सफीदों शहर के बीचो-बीच बह रही हांसी ब्रांच में इन दिनों जहरीली शराब की बोतलें बह कर आ रही है। शराब की बोतलों को देखते ही शराब का सेवन करने वाले लोग नहर में छलांग लगा कर उन्हें निकाल रहे हैं। क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटना शराब का सेवन करने से न हो, इससे देखते हुए पुलिस ने शहर व ग्रामीण में मुनादी करवानी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस अधिकारी इस शराब का सेवन नहीं करने की अपील लोगों से कर रहे है। पिछले करीब 10 से 15 दिनों से हांसी ब्रांच के साथ क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में बह रही नहरों में देशी शराब की बोतले बह कर आ रही है।

# 1 अक्टूबर को होगा फरीदाबाद विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन: नरेंद्र गुप्ता

**शिरकत**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे संबोधित, हजारों की संख्या में लोग करेंगे शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 1 अक्टूबर को सेक्टर-12 टाउन पार्क के गेट नंबर 2 के सामने आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने उपस्थित होंगे। उक्त वाक्य फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने



पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ उद्योगपति व समाजसेवी बीआर भाटिया, भाजपा महामंत्री मूलचंद मित्तल, राकेश गुप्ता, भाजपा उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल, सचिन शर्मा, वजीर सिंह डागर, अजीत नंबरदार, विधानसभा प्रभारी ग्यासीराम, किरण सौरोत,अमर बंसल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की सबसे छोटी इकाई है और चुनावों में भी इस इकाई का बहुत अहम रोल होता है। ऐसे में पन्ना प्रमुखों के सम्मान में और उनमें उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सुबह साढ़े 8 बजे से 9 बजे तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रहेगी तथा उसके बाद सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सभी कार्यकताओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है तथा 10 बजे मुख्यमंत्री मनोहर लाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचकर उनमें उत्साह का संचार करेंगे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हमेशा उनकी विधानसभा में विकास के लिए कभी कोई कमी नहीं छोड़ी है और निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के आगमन के बाद विकास को और अधिक गति मिलेगी।

उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी और कहा कि वे स्थाई विकास में विश्वास रखते हैं और जिस नीति और नीयत से वे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवा रहे हैं, उन्हें उम्मीद है कि आने वाले अनेक सालों तक लोग उसे याद रखेंगे।

# हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फरीदाबाद यूनिट की नशे पर बड़ी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** गुरूग्राम हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख श्री ओ. पी. सिंह, आई.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन व श्री शशांक कुमार सावन एवं कुमारी निकिता खट्टर, आई.पी.एस. पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट फरीदाबाद ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए नशा तस्कर को ब्लाक डी नजदीक राजेन्द्रा पार्क, गुरूग्राम



से 1 किलो 600 ग्राम गांजा पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार वशिष्ट, एच.पी.एस. हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गुरूग्राम एवं युनिट फरीदाबाद प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र के नेतृत्व में एच.एन.सी.बी युनिट फरीदाबाद की एक पुलिस टीम जिसमें स.उ.नि. जसबीर सिंह, सिपाही मंजीत, संजीव व दीपक बराये रोकने नशीला पदार्थ राजेन्द्रा पार्क बजघेरा रोड नजदीक रेलवे स्टेशन के पास गुरुग्राम में मौजुद थे।

# पलवल: सीएम मनोहर लाल ने प्रदेश में किया व्यवस्था परिवर्तन

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को जिला के गांव घुघेरा के साथ-साथ गांव रूंधी, अच्छेजा, चिरवाडी व सोलडा में भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की परेशानियों को जाना और इन समस्याओं का निस्तारण करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान उनके साथ विधायक दीपक मंगला तथा बीजेपी जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे। गुर्जर ने गांव सोलडा में दो सडकों क्रमशः 2 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से सोलडा से बागपुर तथा 73 लाख रुपए की लागत से सोलडा से बेगमाबाद तक बनाए जाने वाले सडक मार्गों का विधिवत शिलान्यास भी किया।

# सीवर के पानी में युवक की मौत के जिम्मेदार एमसीएफ अधिकारियों पर दर्ज हो हत्या का मामला-धर्मवीर भड़ाना



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** भ्रष्टाचार और नरक सिटी कहे जाने वाले फरीदाबाद में अब आम जनता बेमौत मरने लगी है । इसका जीता जागता उदाहरण है एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भड़ाना चौक के पास कई वर्ष से भारी सीवर के पानी में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । इस मौत के जिम्मेदार फरीदाबाद के नगर निगम अधिकारी हैं जिन पर तुरंत मामला दर्ज किया जाना चाहिए । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने कहा कि लगभग दो हफ्ते पहले इसी समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने वहां धरना प्रदर्शन किया था और सड़क पर जमा सीवर का गंदा पानी हटाने की मांग की थी लेकिन नगर निगम के अधिकारी सोते रहे और शुक्रवार को यहां एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि जहां पर युवक की मौत हुई वहां कई वर्ष से सड़क पर 2 से 3 फीट तक सीवर का पानी भरा रहता है । पास में ही प्रिंस स्कूल है जिसमें लगभग 2000 बच्चे पढ़ते हैं और इन बच्चों की जान भी खतरे में है । सीवर के इस पानी में अब तक लगभग आधा दर्जन बेजुबानों की मौत हो चुकी है । सड़क के किनारे जो बिजली के खंभे लगे पड़े हैं उनके तार भी खुले हुए हैं और आए दिन यहां बड़े हादसे होते रहते हैं और अब एक युवक की जान चली गई । उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में नगर निगम के अधिकारी सिर्फ लूट खसोट में व्यस्त हैं । नगर निगम का सालाना बजट 2000 करोड़ से ज्यादा है । यह पैसा आपस में मिलाकर नगर निगम के अधिकारी खा जा रहे हैं इसलिए जगह-जगह सीवर का पानी भरा हुआ है और सीवर की ढक्कन ने भी खुली हुई है । उन्होंने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का हाल सबसे ज्यादा खराब है । जहां की सैकड़ो गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं और आए दिन लोग घायल होते रहते हैं ।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में सगोष्ठी का आयोजन: खुल्लर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** शहर के प्रसिद्ध पं जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 16अ के हिन्दी विभाग द्वारा एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के संरक्षण में आज दिनांक 29.09.2023 को किया गया` इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि श्री आनन्द मोहन शरण, अपर मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार रहे` इस संगोष्ठी की संयोजक श्रीमती मीनाक्षी रावत तथा सह-संयोजक डॉ. अमैताश्री थी` इस संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्ववैश्वीकरण और 21वीं सदी का नया भारतह्व था` इस अवसर पर श्री आनन्द मोहन शरण जी ने नई शिक्षा नीति तथा कैम्ब्रिज



विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जोडने सम्बन्धित बातें रखी` राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री सुरेश जैंन जी ने श्रोताओं को राष्ट्रीय निर्माण में व्यक्तिगत भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया` प्राचार्य महोदया डॉ. रूचिरा खुल्लर ने सेमिनार रूम में सभी अतिथियों वक्ताओं तथा श्रोताओं का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए 21वीं सदी के नए भारत के निर्माण सम्बन्धित रूपरेखा प्रस्तुत की` इसके बाद बाहर से आए सभी वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से 21वीं सदी के नए भारत के निर्माण सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए जिनमें दुबई से आए डॉ. आलोक कुमार शर्मा प्रमुख रहे` इस संगोष्ठी में मंच संचालन डॉ. जोरावर तथा डॉ. पूनम अहलावत ने किया` इस संगोष्ठी के सफल आयोजन में डॉ. मोनिषा चौधरी, डॉ. कमला चौधरी, डॉ. अंशु नय्यर, डॉ. कमल गोयल, डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. एस.के.यादव, श्रीमती निशा रानी, श्री ललित यादव का विशेष योगदान रहा।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य एससीपीसीआर गणेश कुमार और सदस्य एससीपीसीआर सुमन देवी ने आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में जिला के सभी स्टॉक होल्डर की बच्चों के सर्वांगीण विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सर्वप्रथम बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों का परिचय लिया और अपना परिचय देते हुए राज्य बाल संरक्षण आयोग के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से बताया। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, पुलिस, उद्योग, सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, आरडब्ल्यूए, बाल



देखभाल संस्थानों, अवलोकन गृह, स्थान सहित विभिन्न विभागों के साथ हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एचएससीपीसीआर) द्वारा बाल अधिकारों की सुरक्षा पर जिला स्तरीय हितधारकों को महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग से जीरो से 18 वर्ष तक आयु के बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था बारे मंत्रणा भी की गई। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को एक साथ मिलकर बच्चों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिये दिशा-निर्देश दिए।

वहीं प्रत्येक विभाग द्वारा बाल कल्याण एवं संरक्षण के बारे में पिछले तीन वर्षों का ब्यौरा भी एक-एक करके बिन्दुवार लिया। राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने भविष्य में विभाग द्वारा बच्चों के विकास के लिए क्या -2 कार्यकलाप किये जाने हैं व उनकी व्यवस्थाओं पर बारीकियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की।

समीक्षा बैठक में इन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/ एससीपीसीआर गणेश कुमार और सुमन देवी सदस्य एससीपीसीआर ने स्वास्थ्य सम्बंधित डॉ महेंद्र गोयल से पॉक्सो एक्ट अंतर्गत आने वाले बच्चों की समस्याओं पर गंभीरता के चिकित्सीय रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के दिशा निर्देश दिए। वहीं लेबर विभाग से उपस्थित हुए अधिकारी से पूछा की चाइल्ड लेबर के कितने मुकदमे दर्ज किये गए है उन पर क्या कार्यवाही अमल मे लायी गई समीक्षा बारीकी से की। बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन श्री पाल कहराना से पूछा जिला में बच्चों से सम्बंधित किस किस प्रकार के केस आते हैं। हर महीने में कितने केस आ जाते हैं बारे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सेफ हाऊस में किसी बच्चे की पिटाई के मामले में सीडब्ल्यूसी को एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देश दिए। उप जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के बारे में चर्चा की तथा निर्देश दिए कि बच्चों को शारीरिक दण्ड ना दिया जाये उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार किया जाये। जिन स्कूलों में पीने के पानी व टॉयलेट्स की व्यवस्था नही है। उसमे समुचित व्यवस्था करवाई जाए।

# स्किल के साथ रोजगार से जुड़ना उपलब्धिपूर्ण -डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि स्किल के साथ रोजगार से जुड़ना उपल्ब्धिपूर्ण है। युवाओं को कौशल लेकर ही जॉब मार्केट का रुख करना चाहिए। वह डी. वॉक मैकेनिकल मैन्युफैक्चरिंग के विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बोल रहे थे। उन्होंने 11 विद्यार्थियों को इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्री की ओर से प्राप्त हुए यह पत्र प्रदान किए और विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने



कहा कि स्किल हासिल करने के बाद युवाओं की कद्र बढ़ जाती है। उन्हें अच्छे वेतन और सम्मानजनक जॉब रोल मिलते हैं। उन्होंने इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज के अधिकारी हिमांशु माहेश्वरी और दिवेश गौतम की उपस्थिति में डी. वॉक. मैन्युफैक्चरिंग के छात्र देवेंद्र, वरुण, मोहित, परविंदर, विवेक कुमार, रोहित चौहान, साहिल, मयंक, मोहित कुमार, दीपक कुमार और बॉबी को यह नियुक्ति पत्र सौंपे।

विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए।

नियुक्ति पाने वाले सभी विद्यार्थियों ने कुलपति डॉ. राज नेहरू और अपने शिक्षकों तथा अधिकारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# धूमधाम से मनाया गया प्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज बंसल का जन्मदिन

## क्षेत्र की नामचीन हस्तियों ने हेमराज बंसल को दी जन्मदिन की बधाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली की जानी- मानी सामाजिक शख्शियत और मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रधान प्रमुख समाजसेवी हेमराज बंसल का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों के अलावा व्यक्तिगत तौर पर भी बंसल निवास पर हेमराज बंसल को जन्मदिन की बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इस दौरान क्षेत्र की नामचीन हस्तियां शामिल रही। कोई बुके लेकर हेमराज बंसल को जन्मदिन की बधाई देने के लिए आया तो कोई केक लेकर। समाजसेवी, हर दिल अजीज हेमराज बंसल को बधाई देने के लिए मानो सैलाब सा उमड़ा पड़ा। इस मौके पर प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र सिंघल ने कहा हेमराज बंसल क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व्यक्तियों में से एक हैं। मृदभाषी हेमराज बंसल हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं। उनकी नजर में इंसानीयत सबसे बड़ी चीज है और यही बात हेमराज बंसल को दूसरों से अलग बनाती है। कोरोना काल के दौरान जब सभी अपने घरों में बैठे थे तो उम्र के इस पड़ाव में भी हेमराज बंसल अपने संगठन के साथियों संग लोगों की मदद करते हुए दिखाई दे रहे थे।

**ये लोग रहे मौजूदः** अंकु बिजय भगत, श्री निवास वर्मा ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रधान, प्रमुख गौ सेवक राजेंद्र सिंघल, वीरेंद्र कौशिक प्रधान जनहित फेडरेशन ऑफ नरेला, अनिल आर्य वाइस चेयरमैन मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन, योगी, राजपाल आर्य संरक्षक आर्य समाज नरेला, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, जे पी बागेश्वर, एसीपी सुरेश कौशिक, संजय बन्सल चेयरमैन नरेला चेतना मंच, मोहित गुप्ता महासचिव नरेला चेतना मंच, आनन्द खत्री वाइस चेयरमैन नरेला चेतना मंच, नरेश खत्री प्रमुख समाजसेवी, विजय भारद्वाज बाँकनेर मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने हेमराज बंसल को जन्मदिन की बधाई दी।



# जहांगीरपुरी: प्रभु गणेश सभी के जीवन में खुशियां लाये: अजीत यादव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में भलस्वा वार्ड के अंतर्गत आने वाले मेट्रो अपार्टमेंट में अनंत गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव कई गणेश उत्सवों में शामिल हुए और प्रभु का आशीर्वाद लिया।

**सच्चे मन से करें प्रभु की भक्तिः** भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने भगवान श्री गणेश जी का आशीर्वाद लेते हुए क्षेत्रवासियों को सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस दौरान भगवान श्री गणेश जी की आरती और भंडारे का भी आयोजन भी किया गया।

# नांगलोई: पेड़-पौधों से हैं वायु और वायु से हैं आयु: हेमलता वरूण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण** का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, इसे बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। आजकल वातावरण बहुत प्रदूषित हो गया है, जिसके चलते भीषण गर्मी, दूषित हवा, प्रदूषण व बीमारियां फैल रही हैं। इसलिए वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए सभी को योगदान देना चाहिए। ऐसा कहना हैं नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में सुता फाउंडेशन के संस्थापिका व संचालिका हेमलता वरूण का। वहीं हेमलता ने प्रकृति और पर्यावरण को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि पौधों का होना अत्यंत जरूरी है लेकिन दुख की बात यह कि हम पौधे रोपित करने की बजाय वृक्ष कटाव की तरफ बढ़ रहे हैं, जो कि भविष्य के लिए घातक है इसी के चलते पर्यावरण असंतुलित हो रहा है।



**प्रकृति का वरदान हैं पेड़-पौधेः** आज तापमान में तेजी से बदलाव का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं पृथ्वी पर रह रहे सभी जीवों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यही वजह है कि कई जीव-जन्तु विलुप्त हो रहे हैं। साथ ही लोग भी सांस से जुड़े कई तरह के रोगों से लेकर कैंसर जैसी घातक व गंभीर बीमारियों से जूझ रहें हैं।

**ज्ञान की बातें**

8 सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: हेमलता वरूण

# जहांगीरपुरी: धूमधाम से मनाया गया डॉ. विपिन पिव्हाल का जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वीआईपी** फांउडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको बधाई देने वालो तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंदिर प्रकोष्ट रूपेश मेहरा, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से अरूणोदय गुप्ता, दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा के मंत्री व पूर्व निगम प्रत्याशी भाजपा मंगत राम शर्मा, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी, हरीओम साहू, वीर वाल्मीकि योद्धा राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक बागड़ी, जगदीश महाराज जी केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य भावाधस, पंकज पिव्हाल अध्यक्ष गर्ल्स सेवर एनजीओ, नीरज युवा नेता, सतेन्द्र, कपिल ढ़ीका, विक्की, गौरव, गौतम, पंकज यादव, वंश, हर्ष वर्मा, यश कुमार, राजा भाई, तुषार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने डॉ. विपिन पिव्हाल को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।









